रोहतक
सोमवार, 15 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 28, अंक : 169
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 38.4
न्यून. 26.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



06 भारत ने जिंबाब्वे में लहराया तिरंगा 4-1 से जीती सीरीज, सुंदर बने हीरो

## अंदर के पन्नों पर

- पूंडरी में निर्दलीयों का दबदबा 1996 से बन रहे विधायक पेज-2
- महिला ने प्रेमी व बेटे के साथ मिल पति की हत्या की पेज-3
- इंदौर में एक दिन में 11 लाख पौधे लगाकर बनाया रिकॉर्ड पेज-7

## खबर संक्षेप

### ईडी ने अपने कार्यालयों में 29 अफसर नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने देशभर में स्थित अपने कार्यालयों में विभिन्न पदों पर 24 से अधिक नवनियुक्त और हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों को तैनात किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले सप्ताह सहायक निदेशक, उप-निदेशक और संयुक्त निदेशक के पदों पर कुल 29 अधिकारियों को नियुक्त किया था। इसमें ईडी कैडर के नौ अधिकारी शामिल हैं। भाषा

### दिल्ली मेट्रो आज से फीडबैक सर्वेक्षण करेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो अपनी सेवाओं और मेट्रो स्टेशनों पर विभिन्न सुविधाओं के बारे में यात्रियों से 'फीडबैक' लेने के लिए सोमवार से 10वां ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण करेगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक बयान में कहा कि 15 जुलाई से 14 अगस्त तक एक महीने तक चलने वाले ऑनलाइन सर्वेक्षण में, एक व्यापक प्रश्नावली के माध्यम से यात्रियों की प्रतिक्रिया ली जाएगी। भाषा

### आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की कार जब्त



**पुणे (महाराष्ट्र)।** पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं आईएएस की परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा कथित तौर पर लाल बत्ती लगाकर अवैध रूप से इस्तेमाल की गई 'लग्जरी कार' रविवार को जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाषा

### आतंकवादी लांडा के पांच सहयोगी पंजाब में पकड़े

**चंडीगढ़।** कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता के तहत जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने कनाडा स्थित आतंकी लखबीर उर्फ लांडा के 5 और सहयोगियों पकड़ा है। भाषा

### अनंतनाग में देवी उमा का मंदिर 30 साल बाद खुला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित देवी उमा भगवती का मंदिर 30 साल से अधिक समय बाद केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य के बाद उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। राजस्थान से लाई गई देवी उमा की मूर्ति को मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में स्थापित किया। भाषा

### अब तक तीन लाख ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर में रविवार को 15,000 श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन किए, जिसके साथ ही अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन लाख के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, वार्षिक यात्रा के 16वें दिन रविवार को 14,974 तीर्थयात्रियों ने यात्रा की और बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। भाषा

---

*अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार को खोला गया*

# पुरी के जगन्नाथ मंदिर का खजाना 46 साल बाद फिर से खोला, भारी मात्रा में हैं सोने के आभूषण व हीरे-मोती

*दूसरा दरवाजा खुलते ही बेहोश हुए एसपी मिश्रा*

**भुवनेश्वर (भाषा)।** ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार को दोपहर 1:28 बजे खोल दिया गया। ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि, एएसआई के अधिकारी, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि समेत 11 लोग मौजूद रहे।

ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था। भाजपा ने तत्कालीन सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) पर इसकी खोई हुई चाबियों को लेकर निशाना साधा था और लोगों से वादा किया था कि अगर वह चुनाव जीतती है तो रत्न भंडार को फिर से खोलने का प्रयास करेगी।



11 सदस्यीय टीम की मौजूदगी में खोले द्वार
लकड़ी के छह संदूक भी मंगवाए

**डिजिटल लिस्टिंग होगी**
अधिकारियों के मुताबिक, सरकार रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों की डिजिटल लिस्टिंग करेगी, जिसमें उनके वजन और निर्माण जैसे डिटेल होंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सुपरिटेंडेंट डीबी गडनायक ने कहा कि इंजीनियर्स मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार का सर्वे करेंगे। मंदिर का खजाना आधिकारिक तौर पर आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था।

**संदूकों रखा जाएगा सामान :** रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। इन संदूकों के अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा हुआ है। सागवान की लकड़ी से बने ये संदूकें 4.5 फुट लंबी, 2.5 फुट ऊंची और 2.5 फुट चौड़ी हैं। इनको बनाने वाले एक कारीगर ने बताया, 'मंदिर प्रशासन ने 12 जुलाई को हमें ऐसी 15 संदूकें बनाने के लिए कहा था। 48 घंटे की मेहनत के बाद हमने छह संदूक बनाई थीं।'

### तीन एसओपी तैयार

- **पहली:** रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित।
- **दूसरी:** अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए।
- **तीसरी :** कीमती सामान की सूची से संबंधित है।

**कड़ी रही सुरक्षा :** रत्न भंडार का दूसरा दरवाजा खुलते ही एसपी पिनाक मिश्रा बेहोश हो गए, हालांकि इसका कारण पता नहीं चल सका। डॉक्टर की टीम ने मंदिर परिसर के अंदर ही उनका इलाज किया। शाम 5.15 बजे ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स जगन्नाथ मंदिर से बाहर निकल आई।

### भंडार में कितना खजाना

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में दिए हलफनामे के अनुसार, रत्न भंडार में तीन कक्ष हैं। 25 गुणा 40 वर्ग फुट के आंतरिक कक्ष में 50 किलो 600 ग्राम सोना और 134 किलो 50 ग्राम चांदी है। इनका कभी इस्तेमाल नहीं हुआ। बाहरी कक्ष में 95 किलो 320 ग्राम सोना और 19 किलो 480 ग्राम चांदी है। इन्हें त्योहार पर निकाला जाता है। वहीं वर्तमान कक्ष में तीन किलो 480 ग्राम सोना और 30 किलो 350 ग्राम चांदी है। दैनिक अनुष्ठान के लिए इन्हीं का उपयोग होता है। बता दें कि 2018 में भी ओडिशा हाईकोर्ट में खजाना खोलने के आदेश दिए थे लेकिन तब चाबियां नहीं मिलने के कारण दरवाजा नहीं खोला गया।

---

*खतरे से बाहर एफबीआई ने बताया, मारने की साजिश*

# यूएस में रैली के दौरान ट्रंप पर फायरिंग, कान पर लगी गोली

- 20 साल का शूटर भी फायरिंग में मारा गया
- गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति की मौत, दो घायल
- एआर 15 राइफल से 8 राउंड फायरिंग की गई
- हमलावर के घर व गाड़ी में बम बनाने की सामग्री मिली
- डोनाल्ड बोले-देश को एकजुट रहना चाहिए
- बाइडेन ने त्वरित तरीके से जांच के आदेश दिए

एजेंसी/भाषा ▶▶ शिकागो/वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को चुनावी रैली में एक युवक ने गोलियां चलाईं और एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी, लेकिन उनकी हालत ठीक है। यह घटना मिल्वाकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' से दो दिन पहले हुई। इस सम्मेलन में ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली को संबोधित करना शुरू ही किया था कि गोलियां चलने लगीं। घटना की वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि गोलियां चलने के दौरान ट्रंप ने अपने दाहिने कान पर हाथ रख लिया। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने ट्रंप को बचाने के लिए उन्हें सुरक्षा घेरे में ले लिया। हमले के बाद, पूर्व राष्ट्रपति के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से से खून निकलने लगा, उन्हें तुरंत मंच से बाहर ले जाया गया। ट्रंप ने भीड़ की ओर मुट्ठी बांध कर हाथ हवा में लहराया और कहा कि 'हम मुकाबला करेंगे'। (पेज 8 भी देखें)

### 400 फीट दूर इमारत से की गई फायरिंग

गोलीबारी की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। 'सीक्रेट सर्विस' के एक सदस्य ने हमलावर को मार गिराया। पेंसिल्वेनिया पुलिस ने बताया कि ट्रम्प पर करीब 400 फीट दूर मौजूद इमारत की छत से फायरिंग की गई। एआर-15 राइफल से 8 राउंड गोलियां चलाई गईं। पहले राउंड में 3 और दूसरे राउंड में 5 गोलियां चलीं। पुलिस ने कहा कि बंदूक धारी समेत 2 लोगों की मौत हो गई।



**ईश्वर अमेरिका की रक्षा करें : डोनाल्ड**

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, 'यकीन नहीं होता कि हमारे देश में ऐसी घटना हो सकती है। हमलावर मारा गया है, लेकिन हम उसके बारे में कुछ नहीं जानते। मेरे दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। काफी खून निकल गया था, तब मुझे एहसास हुआ कि क्या कुछ हो रहा है। ईश्वर अमेरिका की रक्षा करें।'

### हिंसा की जगह नहीं



अमेरिका में इस तरह की हिंसा की कोई जगह नहीं है। यह घिनौना है। इससे जाहिर होता है कि क्यों हमें इस देश को एकजुट रखने की आवश्यकता है।
*-जो बाइडन, राष्ट्रपति, अमेरिका*

### बेहद चिंतित हूं : मोदी



मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।
*-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

### कौन है हमलावर थॉमस क्रूक्स



- संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है।
- क्रूक्स की उम्र 20 साल है। वो सितंबर 2003 में पैदा हुआ।
- उसका घर बटलर से 40 किमी दूर बेथल पार्क में है।
- क्रूक्स ट्रम्प की ही रिपब्लिकन पार्टी का समर्थक था।
- उसने 2021 में डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े एक ग्रुप को भी चंदा दिया था।
- क्रूक्स को 2022 में मैथ्स-साइंस से जुड़ा स्टार अवॉर्ड मिला था।

### जानलेवा हमला

एफबीआई के विशेष एजेंट एवं पिट्सबर्ग कार्यालय के प्रभारी केविन रोजेक ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि बंदूकधारी कई गोलियां चला पाने में कामयाब रहा। रोजेक ने कहा, आज शाम हमारे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला किया गया। एफबीआई ने कहा, इस बात की गहन जांच की जाएगी कि असल में क्या हुआ था और वह व्यक्ति उस स्थान तक कैसे पहुंचा।

---



# मोहन बड़ौली ने संभाली प्रदेश भाजपा की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**रोहतक मंगल कमल कार्यालय में संभाली कमान, सीएम समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे, जय श्रीराम के नारे**
**बड़ौली बोले, भाजपा बहुमत से प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी**

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को पार्टी कार्यालय 'मंगल कमल' में विधिवत रूप से पार्टी की कमान संभाल ली। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण कराया। बड़ौली के पदभार ग्रहण समारोह में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जय श्रीराम, भाजपा जिंदाबाद, मोदी-नायब, बड़ौली जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे पहले सीएम ने मंच पर गदा लहराई और नए प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली को गुलदस्ता भेंट किया। पदभार ग्रहण करने के बाद बड़ौली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा ने भ्रष्टाचार को खत्म किया है।

### अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या प्रदेश : सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे या तो अपराध का रास्ता छोड़ दें अथवा प्रदेश छोड़कर चले जाएं। प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के शासनकाल के दौरान प्रदेश में बदली, भर्ती व भूमि में भ्रष्टाचार किया गया। कांग्रेस के नेताओं ने आम जनता को झूठ बोलकर गुमराह किया है। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के झूठ को बेनकाब करेंगे।

---



*मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने की वारदात*

# सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला, जवान शहीद

एजेंसी ▶▶ जिरीबाम

मणिपुर के जिरीबाम में सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने रविवार को हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस का एक अधिकारी भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मोंगबुंग में कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाके से गोलीबारी की। गोली सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा के सिर पर लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोंगबुंग में गोलीबारी शनिवार देर रात से ही शुरू हो गई थी। रविवार सुबह सीआरपीएफ और पुलिस ने उग्रवादियों पर जवाबी कार्रवाई की। इसमें उग्रवादियों को कितना नुकसान पहुंचा, अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

**फायरिंग**
- जीरीबाम में सीआरपीएफ को बनाया निशाना, जवान के सिर में गोली लगी, मौके पर दम तोड़ा
- जवाबी फारिंग की तो उग्रवादी भाग गए, बिहार का रहने वाला था शहीद जवान अजय

### दो जिलों से हथियार बरामद

मणिपुर पुलिस ने इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया है। इसमें इम्फाल ईस्ट में एक एके-56 राइफल, एक एसएलआर एक .38 पिस्टल, दो ग्रेनेड और 25 राउंड की गोलियां बरामद की हैं। वहीं, इम्फाल वेस्ट से एक एक्सकैलिबर राइफल, 7.62एमएम राइफल (घातक), एक एमए-3, एक एमके-II और गोला-बारूद बरामद हुआ है।

---

**आज शपथ ग्रहण करेंगे**

## केपी शर्मा ओली नेपाल के नए पीएम नियुक्त



**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वासमत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। ओली नयी मंत्रिपरिषद के साथ सोमवार को शपथ लेंगे। ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

**एलओसी पर घुसपैठ नाकाम**

## कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकी मार गिराए



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के पास सुरक्षाबलों ने रविवार को 3 आतंकियों को मार गिराया। तीनों लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनके पास से पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। तीनों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। मामले में जांच जारी है। समाचार लिखे जाने तक एनकाउंटर जारी था। इससे पहले 22 जून को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया था। घटना गोहलन इलाके में हुई थी।

**सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा चहेते**

## 'एक्स' पर पीएम मोदी के फॉलोअर 10 करोड़ पार



**नई दिल्ली (भाषा)।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पीएम नरेन्द्र मोदी के फॉलोअर की संख्या रविवार को 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन साल में उनके फॉलोअर की संख्या में तीन करोड़ बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर वह पहले से ही इस सोशल मीडिया मंच पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले सरकार प्रमुख हैं। अधिकारियों ने बताया कि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जैसे विपक्षी नेताओं के क्रमशः 2.75 करोड़ और 2.64 करोड़ के मुकाबले मोदी के फॉलोअर कई गुना अधिक है।

---

**बजट उम्मीद** अधिभार और उपकर को समाप्त किया जाए, कर ढांचे को सरल बनाए सरकार

# आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार, कर छूट सीमा बढ़ाई जाए

भाषा ▶▶ कोलकाता

प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने सरकार से बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख कर देना चाहिए। उन्होंने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जैन ने वित्त मंत्री दिए अपने ज्ञापन में कहा, 'पांच लाख से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए।' जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं।

*शिक्षा व चिकित्सा सुविधाएं देना सरकार का मौलिक कर्तव्य*





### लोगों को राहत दे

जैन ने अधिभार और उपकर को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि इन्हें जारी रखना उचित नहीं है। सरकार पर्याप्त रूप से यह नहीं बताती है कि शिक्षा उपकर का उपयोग कैसे किया जाता है। शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सरकार का मौलिक कर्तव्य है। इसलिए सरकार उपकर को खत्म कर लोगों को राहत प्रदान करे।

# मानक कटौती एक लाख रुपये किया जाए : केपीएमजी

परामर्श फर्म केपीएमजी ने उम्मीद जताई है कि 23 जुलाई को संसद में पेश किए जाने वाले आम बजट 2024-25 में मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये किए जाने, आवास ऋण पर दिए जाने वाले ब्याज पर कर छूट बढ़ाने और पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की उम्मीद है। केपीएमजी ने कहा कि चिकित्सा व्यय, ईंधन लागत और समग्र मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में व्यक्तिगत व्यय में हुई बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने की उम्मीद है।

### यह करे केंद्र

नई कर व्यवस्था के तहत मूल कर छूट सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया जाए। आवास ऋण के संबंध में कहा गया कि ब्याज दरों में हाल में हुई बढ़ोतरी और विनियामक सुधारों के कारण रियल एस्टेट क्षेत्र पर दबाव बढ़ रहा है। इन चुनौतियों को कम करने के लिए सरकार नई कर व्यवस्था के तहत स्व-कब्जे वाले आवास ऋण पर ब्याज के लिए कटौती की अनुमति देने या पुरानी कर व्यवस्था में कटौती को बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने पर विचार किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या जाने वाली बस को झंडी दिखाएंगे कृषिमंत्री

**चंडीगढ़।** कृषि मंत्री कंवरपाल आज को यमुनानगर से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अयोध्या जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस बस में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के लाभार्थी अयोध्या जाएंगे और वहां श्रीराम मंदिर में श्री राम लला के दर्शन करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने श्रद्धालुओं को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा निःशुल्क धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाई जा रही है।

### जनता ने सरकार को नकारा : अजय चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जनता भाजपा से दुखी होकर बीजेपी को पूरी तरह से नकार रही है और यह बात देश में हुए उपचुनावों के परिणाम से साबित होती है। उन्होंने कहा कि कभी 75 पार, तो कभी 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को जनता आईना दिखा चुकी है। अजय चौटाला रविवार को पलवल और सोनीपत में पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने यह भी कहा कि जनता पूर्व कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार और भेदभाव को भी नहीं भूली है और न ही कभी भूल सकती।

### मकानों का मालिकाना हक देने का स्वागत

**चंडीगढ़** । वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री से ग्रामीण क्षेत्रों में 500 वर्ग गज से कम कब्जा वाली जमीनों पर बने मकानों की मालिकाना हक देने के निर्णय का स्वागत करते हुए शहरी क्षेत्र में भी यह योजना लागू करने की मांग की है क्योंकि इन कॉलोनियों में ज्यादातर हरिजन और पिछड़ा वर्ग के लोग रहते है राजीव जैन ने मुख्यमंत्री को भेजे एक पत्र में कहा है कि शहरी क्षेत्रों भी लाखों परिवार स्थानीय निकायों को जमीन पर मकान बना कर 50-50 वर्षों से रह रहे है।

### लोक अदालतों का आयोजन 29 से

**पंचकूला।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित वे मामले जिनमें सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमे विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते है। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजेश यादव ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई तरह के मामलों में सुनवाई होगी।

## मुख्यमंत्री नायब बोले - 2014 से पहले सिर्फ घोषणाएं होती थीं, अमल नहीं

# डबल इंजन की सरकार से गरीब से गरीब व्यक्ति के चेहरे पर भी मुस्कान

## राई में 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/राई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों केंद्र में राज्य सरकार की डबल इंजन की सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने की पहल की है, जिससे काफी हद तक समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इन योजनाओं का ही असर है कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कराहट देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री रविवार को सोनीपत जिले के राई हलके के गांव भैरा बांकीपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजना का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारें सिर्फ घोषणाएं करती थी, लेकिन उन पर अमल नहीं होता था। सरकार लोगों को केवल सब्जबाग दिखाती थी, हकीकत घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर पाती थी।

■ कांग्रेस राज में बिजली नहीं आती थी, भाजपा ने 24 घंटे बिजली देने का काम किया



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



वीर शिरोमणि राणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

### डेढ़ लाख युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी दी

पहले प्रदेश में बिजली के लिए हाहाकार था और आम लोग बिजली की मांग को लेकर रैली निकालते थे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार ने व्यवस्था को सुधार कर लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ लाख लोगों को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी दी है। 2014 से पहले बुजुर्गों को मात्र 500 रुपये पेंशन मिलती थी और हमने सत्ता में आने के बाद 1000 रुपये पेंशन को लागू किया। आज हम प्रदेश के 20 लाख लोगों को 3000 रुपये वृद्धावस्था सम्मान भत्ता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संविधान के अनुसार कार्य कर रहा है। देश व प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। हर जरूरमंद व्यक्ति को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि वे या तो अपराध का रास्ता छोड़ दें अथवा प्रदेश छोड़कर चले जाए। प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने थाइलैंड से अपराधी को लाने के लिए पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस तत्परता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मंगल कमल भवन में पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली को पदभार संभलवाने के उपरांत प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे।

### कांग्रेस राज में एफआईआर भी दर्ज नहीं होती थी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान प्रदेश में अपराध के ज्यादा आंकड़े थे तथा एफआईआर भी दर्ज नहीं की जाती थी जबकि वर्तमान प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पुलिस तत्परता के साथ कार्य कर रही है तथा जीरो एफआईआर दर्ज की जा रही है। सरकार द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दस वर्ष के शासनकाल के दौरान प्रदेश में बदली, भर्ती व भूमि में भ्रष्टाचार किया गया।

## बागवानी करने वालों किसानों को दी 40 करोड़ की सहायता

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत सरकार ने वर्ष 2023-24 में किसानों को 40 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

इस योजना में बागवानी की 46 फसलें शामिल है। उन्होंने कहा कि योजना के अर्न्तगत किसान को 40 हजार रूपये प्रति एकड़ तक फलों पर व 30 हजार रूपये प्रति एकड़ सब्जी व मसालों पर मुआवजा राशि दी जा रही है। राज्यपाल 31 वें मैंगो मेले के समापन पर किसानों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने छ्छरौली के किसान भारत शेरसिंह, अमदलपुर के बेअंत कौर यमुनानगर के प्रकाश रानी, कालेसर के जगमाल सिंह, नरेंद्र गोयल, अंबाला के रजत कुमार, सत्यवाली के जगदीश शर्मा को आम रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें 5100 रुपए की राशि और ट्राफी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

■ राज्यपाल ने आम मेले के विजेताओं को किया सम्मानित

इसी प्रकार सहारनपुर से अहजाद अहमद, मोहम्मद उस्मान, तब्दील अहमद, लखनऊ से शाहबाद अली, तौफीक अहमद आम केसरी पुरस्कार से नवाजा गया। इसमें 11 हजार रुपए, प्रसति पत्र और ट्राफी भेंट की गई। उन्होंने आम प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी

**चंडीगढ़।** हिसार से सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने बताया कि हिसार, जींद, फतेहाबाद व सिरसा जिले के अभ्यर्थियों की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया सेना भर्ती कार्यालय परिसर, हिसार के मिलिट्री स्टेशन में 20 से 28 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर प्रवेश पत्र भेज दिए गए हैं। उम्मीदवार सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन करके अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अग्निवीर भर्ती के पहले दिन सिरसा जिले से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, दूसरे दिन हिसार और सिरसा जिले से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तीसरे दिन हिसार और फतेहाबाद जिले से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, चौथे दिन फतेहाबाद और जींद जिले से अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती की जाएगी।

### पुरुष कांस्टेबल के पदों के लिए पीएमटी का शेड्यूल जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह कहा कि आयोग ने विज्ञापन संख्या 06/2024, श्रेणी संख्या 01 के तहत कामन पात्रता टेस्ट ग्रुप सी के क्वालीफाई कर चुके उम्मीदवार, जिहोंने पुलिस कांस्टेबल (जीडी) के पदों के लिए आवेदन किया है, उनके शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) (कद,छाती व वजन) परीक्षा के आयोजित करने का कार्यक्रम जारी किया है। आयोग ने इस संबंध में बताया कि शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी पुलिस भर्ती प्रक्रिया के मानदंडों के अनुरूप डिजिटल डिस्प्ले मॉनिटर से किया जाएगा। हर उम्मीदवार की फोटो एवं वीडियोग्राफी होगी। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का विवरण, पीएमटी की तिथि और समय और एडमिट कार्ड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## शासन व प्रशासन की चुनौतियों से निपटने के लिए युवाओं का विजन अहम : मनोहर लाल


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान समय में शासन-प्रशासन के सामने आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए नए युवा पेशेवरों का विजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए युवा पेशेवरों के ज्ञान का उपयोग कर शासन को आधुनिक जरूरतों के अनुसार चलाया जाना अति आवश्यक है।

■ सीएमजीजीए के 8 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली के स्वराज भवन में कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि साल 2035 तक देश में बिजली की वर्तमान मांग दोगुनी हो जाएगी और हाउसिंग में 130 करोड़ जनता को मकान उपलब्ध करवाने होंगें। इन बडे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नए युवा पेशेवरों के विशेष सहयोगकी आवश्यकता रहेगी ताकि हम देशभर में नए आयामों को छू सकें।

यह बात मनोहर लाल ने नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में शनिवार देर सायं हरियाणा में सुशासन सहयोगी कार्यक्रम (सीएमजीजीए) के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।



### सीखने व सिखाने का क्रम चलता रहता है

कार्यक्रम के दौरान मनोहर लाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब मैंने हरियाणा में मुख्यमंत्री के तौर परराज्य की बागडोर संभाली तो मुझे कोई अनुभव नहीं था और मैं पहली बार विधायक भी बना था। इस संबंध में जब मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की कि मुझे इस संबंध में कोई अनुभव नहीं है तो उन्होंने कहा कि आप विधायक तो हैं लेकिन जब मैं मुख्यमंत्री बना था तो मैं विधायक भी नहीं था, जब आप कार्य करेंगें तो सीखते जाएंगें अर्थात सीखने व सिखाने का क्रम चलता रहता है ।

## मिड डे मील वर्कर्स की सुध नहीं ले रही सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार कांग्रेस सरकारों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का नाम बदलने में पूरी दिलचस्पी ले रही है, लेकिन इन स्कीमों को चालू रखने के लिए जरूरी बजट जारी करने में नकारा साबित हो रही है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए चलाई जा रही मिड डे मील स्कीम का नाम बदलकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति स्कीम कर दिया, जबकि छह-सात महीने से खाना तैयार करने वाली अधिकतर मिड डे मील वर्करों को कोई भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे उनके परिवारों के सामने घर के चूल्हे ठंडे पड़ने लगे हैं।



■ वर्कर्स को मानदेय का भुगतान नहीं कर रही सरकार

सैलजा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस पार्टी की केंद्र सरकार ने साल 1995 में मिड डे मील स्कीम को शुरू किया था। इस स्कीम के देशभर से अच्छे परिणाम भी सामने आए। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने गुपचुप तरीके से इस स्कीम का नाम ही बदल दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस स्कीम का नाम बदलकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना कर दिया गया है। लेकिन सरकार इससे जुड़े पक्षों की सुध नहीं ले रही।

## डिजिटल लाइब्रेरी का काम ठप : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि ग्रामीण आंचल में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए पूर्व गठबंधन सरकार ने 1100 से ज्यादा डिजिटल लाइब्रेरी विकसित करने पर काम किया था, लेकिन मौजूदा भाजपा प्रदेश सरकार द्वारा पिछले तीन महीनों में इन लाइब्रेरी के विकास पर कोई कदम नहीं उठाया गया। दुष्यंत चौटाला ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के हित में डिजिटल लाइब्रेरी के विकास पर तुरंत फोकस करें और जिन लाइब्रेरी का निर्माण अधूरा है उन्हें पूरा करवाएं और सभी लाइब्रेरी में पुस्तकें, कंप्यूटर व अन्य शिक्षा सामग्री की व्यवस्था करवाएं। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने युवाओं से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विषय उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अग्निवीर योजना में जरूर संशोधन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के लिए उच्च शिक्षा की जिम्मेवारी सरकार को उठानी चाहिए।

## प्रदेश में फिरौती मांगने वाले सक्रिय : ढांडा

**चंडीगढ़/ फरीदाबाद ।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने रविवार को प्रेस वार्ता कर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज के दिन में पूरे प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। फिरौती गैंग प्रदेश के सात जिलों में सक्रिय, कहीं पर फायरिंग और हत्या कर दी जाती है। बीजेपी सरकार की शह पर पूरे प्रदेश में भय का माहौल बनाया जा रहा। आतंक का सफाया करने के नाम पर विधानसभा चुनाव में अपने विरोधियों की आवाज बंद करने के लिए बीजेपी ऐसा कर रही है।



विधानसभा चुनाव में विरोधियों की आवाज को दबाने के लिए पुलिस तंत्र के इस्तेमाल की तैयारी की जा रही है। ये चुनाव के दृष्टिगत बीजेपी सरकार द्वारा रची गई साजिश है। पुलिसिया तंत्र स्थापित करके उसके द्वारा भाजपा चुनाव जीतना चाहती है।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हाफ कर दिया है, विधानसभा चुनाव पर साफ कर दिया जाएगा। भाजपा के राज में समाज का कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है।

### हरियाणा गठन से लेकर अब तक यहां 13 चुनाव हुए, इनमें 7 बार निर्दलीय उम्मीदवारों ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को मात दी

# पूंडरी में निर्दलीयों का दबदबा, 1996 से लगातार बनते आ रहे विधायक

सूरज सहारण ▶▶ कैथल

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र को राजनीतिक दल पसंद नहीं है। ये सीट निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए लकी साबित हुई है। पिछले 23 सालों में पांच बार हुए चुनाव में यहां से लगातार निर्दलीय उम्मीदवार जीत रहे हैं। हरियाणा के गठन से लेकर अब तक यहां 13 चुनाव हुए हैं। इनमें 7 बार निर्दलीय उम्मीदवारों ने राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को करारी हार दी है। कैथल जिले की विधानसभा पूंडरी से निर्दलीय उम्मीदवारों के जीतने की शुरूआत 1968 में हुई। उस दौरान ईश्वर सिंह को इलाके की जनता ने अपना विधायक चुनकर विधानसभा में भेजा। उसके बाद 1972 से 1991 के बीच हुए विधानसभा चुनाव में तीन बार कांग्रेस और एक-एक बार जेएनपी व लोकदल उम्मीदवार को जीत हासिल हुई लेकिन 1996 से लेकर साल 2014 में हुए विधानसभा चुनाव तक केवल आजाद उम्मीदवारों को ही पूंडरी की जनता ने विधानसभा में भेजा।

### ये रहा चुनावी इतिहास

चुनावी इतिहास पर नजर डालें तो पूंडरी में हरियाणा के गठन के बाद 1967 में रामपाल सिंह ने कांग्रेस की सीट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। साल 1968 में ईश्वर सिंह ने चुनाव लड़ा और आजाद जीत दर्ज की। साल 1972 में ईश्वर सिंह ने फिर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। साल 1977 में जनता दल से स्वामी अग्निवेश ने चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। ईश्वर सिंह के नाम पर जिले में कई स्कूल और कॉलेज बने हैं।



### 1996 से 2019 तक रहा आजाद उम्मीदवार का राज

साल 1982 में ईश्वर सिंह ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। 1984 में ईश्वर सिंह विधानसभा के अध्यक्ष भी रहें। साल 1987 में लोकदल से मक्खन सिंह यहां से विधायक बने। वर्ष 1991 में कांग्रेस की टिकट पर एक बार फिर ईश्वर सिंह विधायक बने लेकिन साल 1996 के बाद से लेकर 2014 तक यहां से लगातार आजाद उम्मीदवार ही जीत दर्ज करता आया है। 1996 में नरेंद्र शर्मा से विधायक बनें। साल 2000 में तेजबीर सिंह आजाद विधायक बने। साल 2005 में दिनेश कौशिक ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की। उसके बाद 2009 में सुल्तान सिंह जडौला ने जीत दर्ज की। साल 2014 में एक बार फिर दिनेश कौशिक ने आजाद उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज करके विधायक की शपथ ली। अब 2019 में फिर से यहां से आजाद प्रत्याशी रणधीर सिंह गोलन विधायक बने। उन्हें बाद में सरकार ने पशुधन विकास बोर्ड का चेयरमैन भी बनाया गया।

### दिनेश कौशिक निर्दलीय जीते, फिर बीजेपी में गए

मौजूदा विधायक दिनेश कौशिक की बात करें तो उन्होंने यहां से 3 बार निर्दलीय चुनाव लड़ा और एक बार कांग्रेस की टिकट पर। वे यहां से निर्दलीय लड़कर ही चुनाव जीते हैं और जैसे ही किसी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा तो उन्हें हार मिली। उन्होंने साल 2005 में आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा तो जीत दर्ज की लेकिन 2009 में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा तो उनकी हार हुई। उन्होंने 2014 में आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर फिर से जीत हासिल हुई। हालांकि कुछ समय बाद वे भाजपा में शामिल हो गए थे।

### जातिगत समीकरण : रोड़ व ब्राह्मण वोटर का दबदबा

यहां के जातिगत समीकरण की बात करें तो यहां सबसे ज्यादा वोटर रोड़ जाति के हैं। यहां ब्राह्मण भी अच्छी खासी संख्या में है। यही कारण है कि यहां से ज्यादातर विधायक रोड़ या ब्राह्मण जाति से ही बनते आ रहे हैं। वहीं एक दो गांवों में जाट वोटर भी निर्णायक संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा बार पूर्व स्पीकर ईश्वर सिंह विधायक रहे है। ईश्वर सिंह यहां से 1968, 72, 82, 91 में विधायक रहे हैं। इतिहास को देखते हुए इस सीट पर निर्दलीय चुनाव जीतने का आलम ये रहा है की कोई भी उम्मीदवार यहां पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ना पसन्द नहीं करता है। निर्दलीयों के लिए पूंडरी कितनी सेफ सीट है आप इस बात का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि 2014 में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले टॉप के 6 उम्मीदवारों में से 4 निर्दलीय थे जिनमें विधानसभा पूंडरी भी एक थी।

### सीट से कब कौन बना विधायक

| | | |
|---|---|---|
| 1967 | आरपी सिंह | कांग्रेस |
| 1968 | ईश्वर सिंह | निर्दलीय |
| 1972 | ईश्वर सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | स्वामी अग्निवेश | जेएनपी |
| 1982 | ईश्वर सिंह | कांग्रेस |
| 1987 | मक्खन सिंह | लोकदल |
| 1991 | ईश्वर सिंह | कांग्रेस |
| 1996 | नरेंद्र शर्मा | निर्दलीय |
| 2000 | तेजबीर सिंह | निर्दलीय |
| 2005 | दिनेश कौशिक | निर्दलीय |
| 2009 | सुल्तान सिंह | निर्दलीय |
| 2014 | दिनेश कौशिक | निर्दलीय |
| 2019 | रणधीर गोलन | निर्दलीय |

### 2014 विधानसभा चुनाव का परिणाम

2014 के चुनाव में पूंडरी में 1,66,549 मतदाता थे जिसमें से 1,37,929 लोगों ने मतदान किया था। पूंडरी में कुल 82 प्रतिशत मतदान हुआ था और ये उन विधानसभा सीटों में से एक थी जहां 2014 के चुनाव में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। यहां निर्दलीय उम्मीदवार दिनेश कौशिक ने बीजेपी के रणधीर सिंह गोलन को हराया था। कौशिक को 38,312 वोट मिले थे और रणधीर सिंह को 33,480 वोट प्राप्त हुए थे। इनेलो के तेजवीर सिंह 16,169 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। कांग्रेस प्रत्याशी रवि मेहला को मात्र 2.55 प्रतिशत वोट मिले थे और वे सातवें नंबर पर रहे थे।

### 2019 में निर्दलीय गोलन बने विधायक

2019 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रणधीर सिंह गोलन 41008 मतों के साथ विधायक बने थे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सतबीर भाना को 12824 मतों से हराया था। दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी सतबीर भाना को 28184 मत मिले थे। तीसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी वेदपाल एडवोकेट को 20990 मत मिले थे। इस तरह क्षेत्र की राजनीति पर हमेशा निर्दलीय विधायकों का दबदबा रहा।

## चुनाव से पहले कच्चे कर्मचारियों को 'बड़ा' तोहफा देने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार विधानसभा चुनावों से पहले विभिन्न वर्गों को सौगात देने की मुहिम चला रही है। इस क्रम में सरकार के पास कच्चे कर्मियों को पक्का करने के प्रस्ताव पर भी गंभीर मंथन हो रहा है। लेकिन इन कर्मियों में विभिन्न तरह की श्रेणियां हैं, सभी को एक साथ नियमित करने में कईं तरह की तकनीकी दिक्कतें हैं, इसलिए एक दशक का वक्त पार करने वाले कर्मियों को तोहफा मिलने की संभावना ज्यादा है। पूर्व की कांग्रेस शासनकाल की हुड्डा सरकार ने भी वर्ष 2013 में बड़ी संख्या में कर्मियों को नियमित कर दिया था। विधानसभा चुनावों से पहले सौगात देकर एक तीर से कईं निशाने साधने वाली नायब सैनी सरकार कच्चे कर्मियों को पक्के करने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श व मंथन में जुटी है। सभी श्रेणियों को पक्का करने में कईं तरह की दिक्कतें पेश आएंगी, क्योंकि इनकी संख्या एक लाख के पार पहुंच रही है। साथ ही इनको कानून तौर पर भी चुनौती दी जाएगी। दूसरी तरफ एक दशक और इससे ज्यादा नौकरी करने वालों को नियमित किए जाने की ज्यादा संभावनाएं हैं वैसे, भी इनकी संख्या 10 हजार के नीचे नीचे है, नियमित होने वाले कर्मियों को दिए जाने वाले वेतन और भत्तों आदि से खजाने पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ सहित तमाम पहलुओं पर मंथन चल रहा है। कुल मिलाकर आने वाले वक्त में कर्मियों को सौगात तो मिलेगी लेकिन अलग अलग श्रेणियां बनाकर ही उन्हें मौका दिया जाएगा।

### एक दशक से नीचे वालों को वित्तीय लाभ देने पर मंथन

एक दशक (दस साल) से नीचे और पांच साल से ऊपर समय से नौकरी करने वालों को सरकार वित्तीय लाभ देने का फैसला भी ले सकती है, ताकि उनमें भी कोई नाराजगी नहीं हो इस पर मुख्यमंत्री आला अफसरों, अपने मंत्रियों, विधायकों सभी के साथ विचार मंथन में जुटे हुए हैं।

### कर्मियों की आयु सीमा बढ़ाने को लेकर चल रहीं अफवाहें

हरियाणा प्रदेश की नायब सैनी सरकार अपने कर्मचारियों, अधिकारियों की उम्र बढ़ाने अर्थात 58 से 60 करने पर विचार नहीं कर रही है। इस तरह की चर्चा और अफवाहें लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। लेकिन इस तरह का कोई विचार अथवा प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हालांकि कुछ विभागों में पहले से ही घोषणा की हुई है। उदाहरण के तौर पर डॉक्टरों की शार्टेज होने और लगातार कमी बनी रहने के कारण उम्र बढ़ाने का फैसला काफी पहले कर लिया गया था। लेकिन अन्य विभागों में इस तरह का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि उम्र सीमा 58 से 60 करने की स्थिति में बेरोजगारों में नाराजगी होगी और नौकरियों के लिए इंतजार कर रहे युवाओं में निगेटिव संदेश भी जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रक से 90 किलो गांजा बरामद, दो युवक पकड़े

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने एक 10 टायरी ट्रक से 90 किलो गांजा बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने ट्रक में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की टीम एसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान नई अनाज मण्डी टोहाना के पास मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुनील उर्फ मलुआ निवासी शुआ जिला जींद व तुषार निवासी प्रेम नगर टोहाना अपने ट्रक के कैबिन में भारी मात्रा में गांजा लेकर नया बाईपास टोहाना पर खड़े है और गांजा बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहे है।

### पैसे कमाने के चक्कर में 11.65 लाख की ठगी

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच टोहाना के एक युवक को काफी महंगा पड़ गया। ठगों ने उक्त युवक से करीब एक माह में ही 11.65 लाख रुपये ठग लिए। जब युवक को अपने साथ ठगी का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने अब रविवार को धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पेप्सी की बोतल में बेच रहा था कच्ची शराब

**यमुनानगर।** कच्ची शराब को बोतलों में भरकर बेच रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने आठ लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार रणजीतपुर चौकी इंचार्ज वेदपाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बहादरपुर गांव का प्रेम चंद उर्फ बबल कच्ची शराब बेचने का काम करता है।

### न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर 7.70 लाख ठगे

**कैथल।** न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर ठगों ने युवक को फर्जी वीजा देकर 7 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। सिविल लाइन थाना कैथल में दी शिकायत में महेश निवासी खुराना रोड, कैथल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बारहवीं पास है। मामले में आरोपी मनदीप शर्मा की उसके बडे भाई के साथ जान पहचान थी। मनदीप ने केशव मार्किट के नजदीक और नये बस स्टैंड कैथल के पास इमग्रिशन नेशन के नाम से विदेश वीजा लगवाने सबंधी आफिस खोला हुआ है।

### कंपनी के ऑफिस से लाखों की नगदी चोरी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9ए एरिया में चोरों ने कंपनी के ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। कंपनी की हेड कैशियर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में रेणू वत्स ने बताया कि वह सेक्टर-4 स्थित कोस्को कंपनी में वर्ष 1983 से काम कर रही है। वह कंपनी की हेड कैशियर है। बीती सांय को रेणू अपने कैश रुम को बंद करके रोज की तरह अपने घर चली गई। ऑफिस की तिजोरी में 2 लाख 81 हजार 500 रुपए रखे थे।

# जुलाना में महिला ने प्रेमी और बेटे के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

## तालाब किनारे मिली लाश, सीसीटीवी में ले जाते दिखे आरोपी

**सनीसनी खेज खुलासा**
- हत्या के तीन दिन बाद पुलिस ने किया मामला दर्ज
- पहले मामले को नेचुरल डेथ बताया जा रहा था



जींद। सीसी टीवी कैमरे में कैद हुए हत्यारे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

गांव रामकली में पत्नी ने अपनी प्रेमी और बेटे संग मिल कर पति की हत्या कर दी। गत 11 जुलाई को रामकली गांव के तालाब के पास अधेड़ व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या सहित विभन्नि धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

गांव रामकली निवासी अनिल ने जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 जुलाई को उसके 52 वर्षीय चाचा अशोक का शव गांव में ही मिला था। अनिल ने आरोप लगाए हैं कि उसकी चाची के गांव के ही बिजेंद्र के साथ अवैध संबंध थे। बिजेंद्र का उसके चाचा के घर अकसर आना जाना रहता था। जोकि उसके चाचा अशोक को पसंद नही था। अशोक के नाम करीब एक कनाल जमीन नाम है। उसकी चाची, मृतक का बेटा अर्जुन और बिजेंद्र मिल कर बेचना चाहते थे। उसका चाचा जमीन को बेचना नही चाहता था। अनिल ने आरोप लगाया कि उसकी चाची बिजेंद्र और मृतक का छोटा बेटे अर्जुन ने मिल कर साजिश रचकर जमीन को बेचने को लेकर अशोक कुमार की हत्या की है।

### सीसी टीवी में वारदात कैद

हालांकि घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें दो आरोपित बाइक पर शव को ले जाते हुए दिख रहे हैं। इसमें बिजेंद्र और अर्जुन दिख रहे हैं। जो शव को बाइक से ले जा रहे हैं। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढाया और दोनों हत्यारोपितों के खिलाफ कार्रवाई की।

### चाचा के जमीन बेचना चाहते थे आरोपी

अनिल ने बताया कि बिजेंद्र का घर पर आना चाचा अशोक को पसंद नहीं था। इसे लेकर चाचा-चाची का कई बार झगड़ा भी हुआ है। वहीं, अशोक के पास करीब 1 कनाल जमीन है। उस जमीन पर चाची, उसके प्रेमी और बेटे की नजर है। ये लोग उस जमीन को बेचना चाहते हैं, जबकि अशोक इसके खिलाफ था। शिकायतकर्ता के अनुसार, 10 जुलाई की रात को तीनों आरोपी चाचा अशोक को अपने साथ ले गए और उन्हें मारकर उनका शव तालाब किनारे फेंक दिया। अनिल ने पुलिस से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि बाद में शव मिलने से एक दिन पहले रात का सीसीटीवी फुटेज परिजनों के हाथ लगा। पड़ोसी के यहां लगे कैमरे में दिख रहा है कि चाचा अशोक को उनकी पत्नी कृष्णा देवी, बेटा अर्जुन कुमार और मोहल्ले का रहने वाला बिजेंद्र सिंह घर से कहीं ले जा रहे हैं। ये लोग अशोक को बाइक पर बैठाकर ले गए।

### मृतक की पत्नी सहित तीन पर हत्या का केस

पुलिस को शिकायत मिली थी कि रामकली गांव में एक व्यक्ति की हत्या की गई है। पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत के आधार पर मृतक की पत्नी, बेटे और एक गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
-**विनोद कुमार**, जुलाना थाना प्रभारी

# विभाग की ओर से प्रदेशभर के डिपो होल्डरों को दो माह का कमीशन जारी

## डिपो होल्डरों को मिलेगा अप्रैल व मई माह का 33.36 करोड़ का कमीशन

- भुगतान आरटीजीएस और एनएफटी व के माध्यम से किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एनएफएसए योजना के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से प्रदेशभर के डिपो होल्डर का अप्रैल व मई माह का बकाया कमीशन जारी कर दिया है। प्रदेश के डिपो होल्डर को अप्रैल व मई माह का 33,3656526 रुपये दिए जाएंगे। बता दें कि प्रदेश के डिपों होल्डर को मार्च माह के बाद कमीशन नहीं था। ऐसे में डिपों होल्डर काफी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। डिपो होल्डर एसोसिएशन की ओर से सरकार की ओर से लगातार कमीशन जारी करने की मांग की जा रहीं थी। कन्फैड के जिला प्रबंधक को कमीशन जारी करने से पहले विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश की पालना करनी होगी।

विभाग की ओर से डिपो होल्डर के खाते का मिलान करना होगा, यदि डिपो होल्डर की ओर वसूली पाई जाती है तो कमीशन से कटौती की जाएंगी। मार्जिन विवरण तब तक जारी नहीं होगा संबंधित लेखा जोखा शाखा द्वारा डिपो होल्डर के खाते का निपटारा आगामी 20 तक करना होगा। वहीं भुगतान एनएफटी व आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा।

| जिला | रुपये मिले |
|---|---|
| अंबाला | 13589012 |
| फरीदाबाद | 22614160 |
| फतेहाबाद | 20848302 |
| गुरुग्राम | 10453534 |
| हिसार | 23835108 |
| झज्जर | 10517186 |
| जींद | 17790490 |
| कैथल | 15106184 |
| करनाल | 19957960 |
| कुरूक्षेत्र | 12934672 |
| नारनौल | 11893556 |
| नूंह | 23836896 |
| पलवल | 16882660 |
| पानीपत | 17444008 |
| रेवाड़ी | 10407818 |
| रोहतक | 12274872 |
| सिरसा | 18714114 |
| सोनीपत | 17064886 |
| यमुनानगर | 17456210 |
| कुल | 327699028 |

# महिला को घर बुलाया, चाय में मिलाकर जहर पिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कन्होरी में एक महिला को आवाज देकर घर बुलाकर उसे चाय में जहर पिलाने के आरोप में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन है। उसके ब्लड सैंपल लेने के बाद आरएफएसएल भोंडसी भेजे गए हैं। पीजीआई में उपचाराधीन 50 वर्षीय रामप्यारी ने पुलिस बयान में बताया कि वह 12 जुलाई को अपने घर की छत पर कपड़े सुखा रही थी। इसी दौरान उसके पड़ोस में रहने वाली सोनम ने उसे आवाज देकर अपने घर बुला लिया। घर जाने पर सोनम ने उसे पीने के लिए चाय दी। वह चाय पीने लगी तो उसमें कड़वाहट आ रही थी। उसने सोनम से पूछा कि चाय कड़वी क्यों लग रही है। रामप्यारी ने बताया कि सोनम ने उससे कहा कि उसने अपना काम कर दिया है। इसके बाद सोनम ने ही पुलिस को फोन करके बताया कि रामप्यारी उसके घर आकर जहर पीकर पड़ गई है। इसी दौरान किसी ने उसकी पुत्रवधु को घटना की जानकारी दी। उसकी पुत्रवधु ने उसे गुरावड़ा सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। पीजीआई के डॉक्टरों ने मेडिकल रिपोर्ट के साथ पुलिस को सीलबंद ब्लड सैंपल भी मुहैया कराए हैं, जन्हिें जांच के लिए आरएफएसएल भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गुरुग्राम: सीएम फ्लाइंग ने किया अवैध क्लीनिक का भंडाफोड़

## बिना डिग्री का चिकित्सक कर रहा मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डीएलएफ फेज-3 एरिया के नाथूपुर में अवैध क्लीनिक का भंडाफोड़ करते फर्जी चिकत्सिक को काबू किया है। आरोपी बिना डिग्री के क्लीनिक में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा था। टीम ने मौके से 1,41,300 रुपये नकदी, अंग्रेजी दवाइयां, इन्जैक्शन, डाक्टरी उपकरण व लैब टेस्ट उपकरण बरामद कर केस दर्ज करा कार्रवाई शुरु कर दी है। दरअसल, सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली कि गांव नाथूपुर में पूर्णिया क्लीनिक के संचालक द्वारा बिना वैध डिग्री के डाक्टर बनकर मरीजों का इलाज करके उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वह अपने क्लीनिक पर बीएएमएस जनरल फिजिशियन लिखकर मरीजों को धोखे से अपने क्लिनिक पर डाक्टर बन कर इलाज कर रहा है। जिसके बाद चंद्रलोक सुशांतलोक फेज-1 में तैनात मेडिकल ऑफिसर डाक्टर मनीष भाटी, सीएम फ्लाइंग गुरुग्राम से इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह, एसआई मदन सिंह की संयुक्त टीम ने मौके पर रेड की। जहां डाक्टर की कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति मरीजों को दवाइयां देता हुआ धर दबोचा। उसके पास डॉक्टर की डिग्री नहीं थी।

## रतिया के नागपुर में रविवार को वारदात, शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा

# मैरिज पैलेस में भीषण आग, शादी के कार्यक्रम में मची भगदड़, कपड़े का टेंट-बेड तक पहुंची पलटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

गांव नागपुर में रविवार को एक मैरिज पैलेस में भयंकर आग लग गई। आग लगने के समय पैलेस में विवाह कार्यक्रम चल रहा था, जिससे वहां भगदड़ मच गई। आग से पूरा टेंट, कुर्सियां आदि जलकर राख हो गए और लाखों रुपये का नुकसान हो गया। जब तक आग बुझाने के प्रयास शुरू किए जाते, तब तक पूरा टेंट जलकर राख हो चुका था। साथ लगते एक कमरे में पड़े बेड तक आग पहुंच गई। कपड़े जलने के कारण ऊपर से आग की लपटें नीचे गिर रही थी, जिस कारण



**फतेहाबाद।** नागपुर के मैरिज पैलेस में आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी।

कोई अंदर आग बुझाने के लिए जा तक नहीं सका। चंद ही मिनटों में सब कुछ राख हो गया। हालांकि जान माल का नुकसान होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार नागपुर निवासी पवन और प्रदीप सरदूलगढ़ रोड पर प्रदीप मैरिज पैलेस चलाते हैं। रविवार को पैलेस में साथ लगते गांव मूसा ढाणी के गुलाब सिंह की बारात आई हुई थी। लड़की पक्ष के लोग भी मानसा से यहीं आए हुए थे। बताया जाता है कि दोपहर को अचानक शार्ट सर्किट से वहां लगे टेंट के पर्दों ने आग पकड़ ली। चूंकि टेंट में कपड़ा ही लगा हुआ था, इसलिए आग देखते ही देखते पूरे पंडाल में फैलती गई और उसकी लपटें नीचे गिरने लगी, जिससे एक तरह से वहां भगदड़ मच गई। आग की लपटों को देखकर लोगों में दहशत मच गई।

## आपस में चिपका हुआ था पेट, दोनों का था एक ही दिल

# अंबाला में जुड़वा बच्चियों ने 48 घंटे में ही तोड़ा दम

- रैफर-रैफर का खेल-खेलते रहे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला कैंट में गुरुवार की रात पैदा हुई जुड़वा बच्चियां 48 घंटे के बाद जिंगदी की जंग हार गई। डॉक्टरों द्वारा एडमिट न करने पर परिजन नवजात बच्चियों को अपने घर ले गए थे। यहां शनिवार की रात 2 बजे दोनों बच्चियों ने अपनी मां की गोद में अंतिम सांस ली। परिजनों ने बच्चियों का नाम लक्ष्मी रखा था। बच्चियों के पिता चुनचुन ने रविवार की सुबह हुड्डा सेक्टर-34 के पास टांगरी नदी के पास बने श्मशान घाट में दोनों बच्चियों को दफनाया। आपको बता दें कि अंबाला कैंट में शुकंतला नामक महिला ने गुरुवार की रात सिविल अस्पताल में दो जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया था। हैरत की बात ये थी कि दोनों बच्चियों की गर्दन अलग अलग थी और पेट एकसाथ जुड़ा था। एक ही दिल था। महिला की डिलीवरी नॉर्मल हुई थी, लेकिन बच्चियों की हालत को बिगड़ते देख डॉक्टरों ने नवजात बच्चियों को चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

# ग्रीको रोमन कुश्ती टीम चयनित कोच होंगे राजबीर छिक्कारा

- टीम 18 जुलाई की सुबह अंडर-20 एशिया रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कॉमनवेल्थ, एशिया पदक विजेता सीनियर नेशनल चैंपियन राजबीर छिक्कारा को भारतीय अंडर-20 जूनियर ग्रीको-रोमन कुश्ती टीम का कोच नियुक्त किया गया है। 19 जुलाई से 24 जुलाई 2024 थाईलैंड में होने वाली अंडर -20 भारतीय कुश्ती टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टीम 18 जुलाई की सुबह अंडर-20 एशिया रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए निकलेगी। जिसमें ग्रीको-रोमन





कोच नियुक्त किए गए राजबीर छिक्कारा।

टीम के 13 सदस्य शामिल रहेंगे, जिसमें 5 किलो भार वर्ग में हरिकेश, 60 किलो भार वर्ग में मोहित नरवाल, 63 किलो भार वर्ग में वरुण, 67 किलो भार वर्ग में योगेश, 72 किलो भार वर्ग में आकाश पूनिया, 77 किलो भार वर्ग में अमित कुमार गोपी, 82 किलो भार वर्ग में करण कम्बोज, 87 किलो भार वर्ग में रोहित, 97 किलो भार वर्ग में नमन, 130 किलो भार वर्ग में उत्तम राणा को शामिल किया गया। राजबीर छिक्कारा ने बताया कि सभी टीम पूरी तरह फिट है और ज्यादा से ज्यादा मेडल भारत देश के लिए जीत कर लौटेंगे। भारतीय कुश्ती टीम का कोच नियुक्त किए जाने पर गांव जुआ में खुशी का माहौल है। कोच नियुक्त किया जाने पर साई कोच द्रोणाचार्य अवार्ड ओमप्रकाश दहिया, साई कोच बलवंत छिक्कारा , जुआ अखाड़ा संचालक संजीत पहलवान, विक्की, नीटू, सरपंच विनोद कुमार, सरपंच सुरेंद्र कुमार ने खुशी जाहिर की।

### स्कूल से लौट रहे बच्चे को कार चालक ने कुचला, गंभीर

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम के धुनेला गांव में स्कूल से लौट रहे बच्चे को कार ने कुचल दिया। बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं इस हादसे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वॉयरल हो रहा है। जिसमें ड्राइवर साइड से कार के दोनों पहिए बच्चे के ऊपर से निकल रहे हैं। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

दरअसल, हादसा गुरुग्राम के धुनेला गांव में 11 जुलाई को हुआ। सीसीटीवी में दिख रहा है कि स्कूल की छुट्टी के बाद करीब एक दर्जन स्कूली बच्चे गली से गुजर रहे थे। इसी दौरान गली में लाल रंग की कार गुजर रही है। ड्राइवर एक बच्चे पर कार चढ़ा देता है।

# बहादुरगढ़: स्कार्पियो सवार हमलावर ने पैट्रोलिंग टीम पर चलाई गोली

## गाड़ी के शीशे पर लगी गोली, बाल-बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस वे पर आसौदा टोल के पास बीती रात को वारदात हो गई। यहां सड़क किनारे खड़ी पैट्रोलिंग टीम की गाड़ी पर स्कार्पियो सवार हमलावर ने गोली चला दी। हमले में चालक बाल बाल बचा और गोली गाड़ी के शीशे पर जा लगी। किसने और किन कारणों से गोली चलाई, यह फिलहाल सवाल बना हुआ है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात शनिवार रात पौने 12 बजे की है। दरअसल, एक्सप्रेस वे पर पेट्रोलिंग करने वाली दो गाड़ियां आसौदा टोल के निकट सड़क किनारे खड़ी थी। एक गाड़ी की



गाड़ी के शीशे पर गोली का निशान।

ड्राइविंग सीट पर जींद का निवासी रणदीप बैठा हुआ था। जबकि उसका हेल्पर आशीष दूसरी गाड़ी के पास गया हुआ था। इसी दौरान वारदात हो गई। शिकायतकर्ता रणदीप के अनुसार, जब वह सीट पर बैठा था तो तभी आसौदा टोल की तरफ से काले रंग की एक स्कार्पियो गाड़ी आई। चलती स्कार्पियो गाड़ी में से किसी ने मेरी तरफ जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली मेरी गाड़ी के सामने वाले शीशे के ऊपरी हस्सिे में लगी। गोली चलाने वाले मानेसर की ओर भाग गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### दो आरोपी गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान तरुण व राजकुमार के रूप में हुई है। आरोपियों से एक पिस्तौल, एक बंदूक 16 कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


**चुनावी सरगर्मी**

## बरवाला वाले जिसे एक बार विधायक चुन लेते हैं उसे दोबारा नहीं लगाते गले

# बरवाला हलके में भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर के आसार

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

दो बड़े शहरी क्षेत्रों व 35 से ज्यादा गांवों को साथ लेकर चलने वाली हिसार जिले की बरवाला विधानसभा कई रोचक किस्सों से भरी पड़ी है। बरवाला एक ऐसी सीट जिसने एक बार किसी को चुनकर विधानसभा की दहलीज पर भेज दिया, उसे दोबारा गले नहीं लगाया। इसके बावजूद वर्तमान तथा कई पूर्व विधायक आगामी विधानसभा में पहुंचने की चाह लिए चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं। यहां की जनता ने कई ऐसे व्यक्तियों को विधायक बनाकर भेजा है, जो विधायक बनने से पहले जिले की राजनीति में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में देखे जाते थे। यही कारण है कि आज इस सीट पर अलग-अलग पार्टियों से चुनाव लड़ने के इच्छुकों की एक बड़ी फौज दिखाई दे रही हैं। बरवाला विधानसभा सीट पर चुने गए विधायकों की सूची पर नजर डालें तो यह लगता है कि यहां की जनता बाहरी व्यक्ति पर ज्यादा विश्वास करती है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने जयप्रकाश को 11 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। भाजपा जीत से उत्साहित है, वहीं कांग्रेस का भी जोश कम नहीं है। लोकसभा चुनाव में इनेलो व जेजेपी के निराशाजनक प्रदर्शन को देखते इस बार बरवाला में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहने वाला है।



जोगीराम सिहाग। रणधीर सिंह धीरू। वेद नारंग। लाल बहादुर खोवाल। रामनिवास घोड़ेला। दलबीर किरमारा। हरीश वर्मा।

### टिकट के लिए भाजपा में कई दावेदार

बरवाला हलके से भाजपा के टिकट की बात करें तो इनमें पूर्व विधायक वेद नारंग, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, पूर्व मंत्री छत्तरपाल सिंह, जिला पार्षद स्वामी दर्शनगिरी महाराज दावेदारों में शामिल हैं। वैसे कुछ अन्य नेता भी टिकट के दावेदार बताए जा रहे हैं। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि जजपा से विधायक जोगीराम सिहाग भी भाजपा की टिकट के लिए अंदरखाते जोर आजमाइश करते नजर आ सकते हैं। बरवाला हलके से दो बार भाजपा की टिकट पर किस्मत आजमा चुके सुरेंद्र पूनिया भी टिकट के लिए अपने तीर चलाने में पीछे नहीं रहेंगे। भाजपा इस बार बरवाला में कमल खिलाने की कोशिश में ऐसे चेहरे पर दांव लगा सकती है जो न केवल शहरी क्षेत्रों में पकड़ रखता हो बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उनकी अपनी पहचान हो। कुल मिलाकर बात यह है कि पार्टी इस बार बरवाला हलके को फतेह करने के लिए पूरी तरह से गंभीर है। पार्टी आलाकमान इन आंकडों पर गंभीरता से मंथन कर रहा हैं कि लोकसभा चुनाव में जो हलका पार्टी के साथ रहता हो वह हलका विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विधानसभा में प्रवेश करने से क्यों रोक रहा है, यह विचार करने योग्य बात है।

### कांग्रेस में टिकट के लिए मचा घमासान

कांग्रेस की टिकट पाने के लिए दावेदारों में तगड़ा घमासान मचा है। प्रमुख दावेदारों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा के खेमे से लाल बहादुर खोवाल एडवोकेट, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा तथा भूपेंद्र गंगवा का नाम चर्चा में है, जबकि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट से पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेंद्र सूरा भी टिकट के लिए जोर लगा रहे हैं। सुरेश पंघाल तथा अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला के समर्थक कृष्ण सातरोड़ भी टिकट के आस में दौड़-धूप करने में लगे हैं।

### मतदाता व बूथ

| | |
|---|---|
| 175 कुल बूथ | महिला मतदाता 2 थर्ड जेंडर |
| 99583 पुरुष मतदाता | 186545 कुल मतदाता |
| 86960 | |

### आप और इनेलो भी तैयार

आम आदमी पार्टी ने भी आगामी विधानसभा चुनाव में अपना दमखम दिखाने की तैयारी शुरू की हुई है। टिकट की दौड़ में पूर्व रोडवेज कर्मचारी नेता दलबीर किरमारा का नाम सबसे ऊपर है। वहीं, इनेलो और बसपा में गठबंधन की चर्चाएं शुरू हो चुकी है। वर्तमान में बरवाला से इनेलो नेता हरीश वर्मा टिकट के प्रमुख दावेदार है।

### एक क्विंटल 32 किलो 360 ग्राम डोडा पोस्त व 15 ग्राम हेरोइन बरामद

**हिसार।** पुलिस ने नशीले पदार्थों का व्यापार करने वाले नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया है। आरोपियों से एक क्विंटल 32 किलो 360 ग्राम डोडा पोस्त व 15 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए अग्रोहा थाना पुलिस ने अग्रोहा स्टेडियम के पीछे बने मकान से तीन व्यक्तियों को काबू किया।



## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस रही सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 622 अंक या 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

### इरेडा के शुद्ध लाभ में 30 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 383.69 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 294.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। जून में बढ़कर 1,501.71 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,143.50 करोड़ रुपये थी।

### एचसीएल टेक का लाभ बढ़कर 4,257 करोड़

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 20.4 प्रतिशत बढ़कर 4,257 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 के लिए राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने आने वाली तिमाहियों में अच्छी वृद्धि हासिल करने का भरोसा जताया।

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एचडीएफसी बैंक बना दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बैंक, एसबीआई ने मारी छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभी कुछ सालों पहले ही भारी भरकम एनपीए से जूझ रहे भारतीय बैंक अब दुनिया के दिग्गज बैंकों को टक्कर दे रहे हैं। प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू साल 2024 की दूसरी तिमाही के अंत तक 17 फीसदी बढ़ गई है। बैंक का मार्केट कैप भी 154.4 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बैंक बन गया है। एचडीएफसी के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक भी दुनियाभर के बैंकों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ग्लोबल डेटा के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक भारत के तीन सबसे ज्यादा लोन बांटने वाले बैंक हैं।

- बैंक का मार्केट कैप भी बढ़कर 154.4 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका

## निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू 17 फीसदी बढ़ी

### एचडीएफसी ग्लोबल रैंकिंग में 10वें स्थान पर

इन तीनों ही बैंकों की मार्केट कैप में जून में समाप्ति हुई तिमाही में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते ग्लोबल रैंकिंग में भी यह तीनों बैंक लगातार ऊपर गए हैं। एचडीएफसी बैंक रैंकिंग में 3 नंबर ऊपर जाकर 10वें स्थान पर पहुंच गया है। ग्लोबल डेटा के अनुसार, मजबूत तिमाही नतीजों, निवेशकों का पॉजिटिव रुख और बैंक के भविष्य को लेकर बढ़ रही उम्मीद के चलते यह उछाल आ रहा है। एचडीएफसी बैंक के तिमाही नतीजे 20 जुलाई को आने वाले हैं।







*आईसीआईसीआई बैंक का 18वें नंबर पर कब्जा : रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 की पहली तिमाही के अंत में रॉयल बैंक ऑफ कनाडा 10वें स्थान पर था। उधर, आईसीआईसीआई बैंक की मार्केट वैल्यू भी जून तिमाही के अंत में 11.5 फीसदी बढ़कर 102.7 अरब डॉलर हो चुकी है। इसके साथ ही यह टॉप 25 ग्लोबल बैंकों में 18वें नंबर पर आ गया है। टीडी बैंक मार्च तिमाही में 18वें स्थान पर था। आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजे 27 जुलाई को आने वाले हैं।*

### रैंकिंग में 21वें स्थान पर आ गया एसबीआई

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का मार्केट कैप भी 11.9 फीसदी बढ़कर 90.1 अरब डॉलर हो चुका है। यह ग्लोबल रैंकिंग में 21वें स्थान पर आ गया है। मार्च तिमाही में यह स्पॉट अल राझी बैंकिंग एंड इनवेस्टमेंट के पास था। जून तिमाही के अंत में टॉप 25 बैंकों की मार्केट कैप में 5.4 फीसदी का उछाल आया और यह 4.11 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गई है। चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक और जेपी मॉर्गन चेस ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जेपी मॉर्गन चेस अभी भी दुनिया का सबसे मूल्यवान बैंक बना हुआ है।

## केन्द्रीय ग्रह मंत्रालय ने साइबर अपराध को लेकर किया अगाह

# सरकारी कार्यालय से संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर सतर्क रहें, परमाणिकता जांचे

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर अपराध इकाई ने रविवार को कहा कि ईमेल पर किसी सरकारी कार्यालय से संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर लोगों को इसमें लिखे अधिकारी के नाम की प्रामाणिकता की इंटरनेट पर जांच करनी चाहिए और संबंधित विभाग को फोन करना चाहिए। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) ने एक सार्वजनिक विज्ञापन में कहा कि उपयोगकर्ताओं को किसी सरकारी ई-नोटिस की आड़ में भेजे गए ''फर्जी ईमेल'' को लेकर सतर्क रहना चाहिए। विज्ञापन में आगाह किया गया है कि यह कोई ठग हो सकता है जो लोगों को ''साइबर धोखाधड़ी का शिकार'' बना सकता है। I4सी ने ऐसे ईमेल पर क्लिक करने या उनका जवाब देने से पहले जवाबी उपाय सुझाए हैं : यह जांच करें कि क्या ईमेल किसी प्रामाणिक सरकारी वेबसाइट से आया है जिसके अंत में ''जीओवी डॉट इन'' है, ईमेल में नामित अधिकारियों के संबंध में इंटरनेट पर जानकारी खंगाले और प्राप्त ईमेल को सत्यापित करने के लिए उल्लिखित विभाग को फोन करें। दिल्ली पुलिस साइबर अपराध और आर्थिक अपराध, सीईआईबी, खुफिया ब्यूरो और दिल्ली के साइबर प्रकोष्ठ के नाम, हस्ताक्षर, टिकट और 'लोगो' वाले धोखाधड़ी के ईमेल के बारे में परामर्श जारी किया।



### ये आरोप लगाए

चार जुलाई को जारी परामर्श के अनुसार, इन ईमेल के साथ संलग्न पत्र में ईमेल प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ बाल पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण, साइबर पोर्नोग्राफी, अश्लीलता के आरोप लगाए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि ठग ऐसे फर्जी ईमेल भेजने के लिए अलग-अलग ईमेल पते का इस्तेमाल करते हैं। इसमें कहा गया है, ''ऐसे किसी भी ईमेल के प्राप्तकर्ता को इस धोखाधड़ी के प्रयास के बारे में पता होना चाहिए।

### 2030 तक खुदरा डिजिटल भुगतान दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर होगा

डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान 2030 तक मौजूदा स्तर से दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कीर्नें और अमेज़न पे ने अपने एक अध्ययन में यह बात कही है। रिपोर्ट 'शहरी भारतीय कैसे भुगतान करते हैं' में कीर्नें और अमेजन पे ने कहा कि ऑनलाइन खरीद में डिजिटल भुगतान को मजबूती से अपनाने से उपभोक्ता व्यवहार में स्थायी बदलाव आने की संभावना है, जिससे ऑफलाइन खरीद को भी बढ़ावा मिलेगा। सर्वेक्षण में शामिल 90 प्रतिशत लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी करते समय डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दी, लेकिन सबसे अधिक डिजिटल भुगतान उपयोग (डीडीपीयू) के साथ संपन्न उपभोक्ता आगे रहे।

### बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

सरकार '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को 'अंडरराइट' करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं।

# थोक पैकिंग पर अनिवार्य लेबलिंग का प्रस्ताव रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसमें खुदरा बाजार में बेची जाने वाली 25 किलोग्राम से अधिक वजन या 25 लीटर से अधिक माप वाली पैक की गई वस्तुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इस कदम का उद्देश्य उस खामी को दूर करना है, जिसके तहत वर्तमान में ऐसी थोक पैकिंग पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), समाप्ति तिथि, निर्माता की जानकारी और मूल देश जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने से छूट दी जाती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'देखा गया है कि 25 किलोग्राम से अधिक वजन वाली पैकेज्ड वस्तुएं भी खुदरा बिक्री के लिए बाजार में उपलब्ध हैं।'

- सरकार ने जनता से मांगी राय
- 25 किलो से अधिक वस्तु पैक पर लैबलिंग अनिवार्य

### 29 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित

इससे उद्योग जगत में स्पष्टता आने और उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने प्रस्ताव पर 29 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। यदि नए नियम लागू किए जाते हैं, तो वे औद्योगिक या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकेज्ड वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

## मैक्रोटेक ने जून तिमाही में मुंबई, पुणे में खरीदी जमीन




**नई दिल्ली।** घरों की मजबूत मांग को देखते हुए रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मुंबई क्षेत्र और पुणे में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री क्षमता वाली परियोजनाओं को विकसित करने के लिए तीन जमीन के टुकड़े (भूखंड) का अधिग्रहण किया है।लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स दो तरीकों- प्रत्यक्ष खरीद और भूस्वामियों के साथ साझेदारी से भूमि अधिग्रहण कर रही है। 'हमने एमएमआर और पुणे में तीन परियोजनाएं जोड़ी हैं, जिनका जीडीवी 11,100 करोड़ रुपये है, जो पूरे वर्ष के लक्ष्य 21,000 करोड़ रुपये का 50 प्रतिशत से अधिक है।'नहीं किया है कि उसने सीधे तौर पर जमीन खरीदी है या भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया है।

# सरकार एमटीएनएल के बांड ब्याज का भुगतान करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बांड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी, और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी।

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा। कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष के कारण कुछ बॉन्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है।

*एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि नहीं : एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) के अनुसार, एमटीएनएल को देय तिथि से 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।*

# देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** — संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** — आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के ववादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

# इंडियनऑयल ने पारादीप रिफाइनरी से मद्रास इंटरनेशनल सर्किट, चेन्नई तक पहली डिलीवरी के साथ STORM-X रेसिंग फ्यूल लॉन्च किया

**न्यू दिल्ली।** इंडियनऑयल ने गर्व के साथ STORM-X के पहले प्रेषण की घोषणा की, जो विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया एक उच्च-ऑक्टेन गैसोलीन है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को वस्तुतः श्री वी.सतीश कुमार, निदेशक (विपणन) द्वारा, श्री एन. सेंथिल कुमार, निदेशक (पाइपलाइन्स) और श्री आलोक शर्मा, निदेशक (आरएंडडी) की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इंडियनऑयल ने हाल ही में देश भर में और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में टॉप-एंड मोटर रेसिंग इवेंट के लिए प्रीमियम रेसिंग ईंधन लॉन्च किया है। इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य द्वारा विचार और प्रेरित होकर, प्रीमियम रेसिंग ईंधन की शुरूआत इंडियन ऑयल के नवाचार और उत्कृष्टता के निरंतर प्रयास का प्रतीक है। यह प्रीमियम रेस ईंधन इंडियनऑयल अनुसंधान एवं विकास केंद्र, फ़रीदाबाद द्वारा विकसित किया गया था, और अत्याधुनिक पारादीप रिफाइनरी में उत्पादित किया गया था। यह उच्च-ऑक्टेन रेटिंग वाले गैसोलीन स्ट्रीम को उन्नत टिकाऊ घटकों के साथ मिश्रित करता है, जिसमें पानीपत रिफाइनरी से 2जी इथेनॉल भी शामिल है। ब्यूरो वेरिटास, दुबई द्वारा प्रमाणित, ईंधन एफआईए (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी ल'ऑटोमोबाइल) 2024 विनिर्देशों को पूरा करता है। इंडियनऑयल ने 2024 सीज़न में मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में इंडियन नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे और चौथे राउंड के लिए STORM-X की आपूर्ति के लिए मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब के साथ साझेदारी की है। लॉन्च समारोह में तीसरे दौर के लिए STORM-X के कुल 55 बैरल भेजे गए। अपनी उन्नत तकनीकी क्षमताओं के लिए जानी जाने वाली पारादीप रिफाइनरी ने इस प्रीमियम रेस ईंधन के विकास और उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवाचार, स्थिरता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता भारत की वृद्धि और विकास को आगे बढ़ा रही है।

# टाटा-बीएसएनएल की डील से कटेगा जियो-एयरटेल का पत्ता


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और जियो के रिचार्ज प्लान में बढ़ोतरी के बाद लोग बीएसएनएल की ओर बढ़ने लगे हैं। इतना ही नहीं एयरटेल और जियो यूजर्स तेजी से बीएसएनएल में अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करा रहे हैं। साथ ही इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब ट्रेंड्स चलाए जा रहे हैं। वहीं खबर यह भी है कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विस और बीएसएनएल के बीच 15 हजार करोड़ रुपए की डील हुई है। टीसीएस और बीएसएनएल मिलकर भारत के 1000 गांव तक 4जी इंटरनेट सर्विस को रोलआउट करेंगी, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को फास्ट स्पीड इंटरनेट सर्विस मिलेगी। मौजूदा समय की बात करें तो अभी 4जी इंटरनेट सर्विस में जियो और एयरटेल का दबदबा बना हुआ है, लेकिन अगर बीएसएनएल मजबूत हो गया तो ये जियो और एयरटेल की टेंशन बढ़ा सकता है। टाटा भारत के करीब चार रीजन में डेटा सेंटर बना रहा है, जो कि भारत के 4जी इंफ्रॉस्ट्राक्चर को बनाने में मदद करेगा। बीएसएनएल की ओर से देशभर में 9000 से ज्यादा 4जी नेटवर्क को लगाया गया है, जिसे एक लाख करने का लक्ष्य है।

- दोनों के बीच हुई 15 हजार करोड़ रुपए की डील




## शब्द पहेली - 5572




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5571 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |



### टी20 : वाशिंगटन 8 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत ने जिंबाब्वे में लहराया तिरंगा 4-1 से जीती सीरीज, सुंदर बने हीरो

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने रविवार को यहां जिंबाब्वे को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (चार विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। शिवम दुबे (दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और तुषार देशपांडे को एक-एक विकेट मिला। जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरुमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया। सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए।



### दुबे बने मैच के हीरो

*मैच में शिवम दुबे को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाए और दो विकेट चटकाए। वहीं, वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कुल 28 रन बनाए और आठ विकेट चटकाए।*

### 1 गेंद पर ठोके 13 रन

*मैच के पहले ओवर में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा बॉलिंग करने आए। उनकी पहली बॉल पर जायसवाल ने सिक्स लगा दिया। ये नो बॉल थी। इसके बाद फ्री हिट पर जायसवाल ने फिर से सिक्स लगाया। इस तरह उन्होंने 1 बॉल पर 13 रन बनाए। इसके बाद इसी ओवर की चौथी बॉल पर रजा ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इस ओवर के बाद भारत का स्कोर 15/1 था।*



### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 05 | 0 | 2 |
| गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2 | 0 |
| अभिषेक का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1 | 1 |
| संजू का मरुमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1 | 4 |
| पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 09 | 0 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 167/6
गेंदबाजी : रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मरुमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5 | 0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 08 | 2 | 0 |
| मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4 | 1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 08 | 12 | 0 | 0 |
| कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 01 | 04 | 0 | 0 |
| अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2 | 2 |
| मावुता का एवं बो देशपांडे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 18.3 ओवर में 125/10
गेंदबाजी : मुकेश 3.3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2.

### सैमसन की दूसरी फिफ्टी

संजू सैमसन और रियान पराग के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में मावुटा ने पराग को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन 58 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 39 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा।

## पैटन-हेलियोवारा बने युगल चैंपियन



लंदन। हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। हेलियोवारा फिनलैंड के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता। मैच जीतने के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। पैटन पेशेवर युग में ऑल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2012 में जोनाथन मैरे और पिछले साल नील स्कूप्स्की ने यह खिताब जीता था।

## सिनियाकोवा-टाउनसेंड ने जीता खिताब



**लंदन।** कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने शनिवार रात को खेले गए फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। उन्होंने लंबे समय तक अपनी युगल जोड़ीदार रही बारबोरा क्रेजिकोवा के विंबलडन एकल खिताब जीतने के कुछ देर बाद अपने नाम पर एक और ट्रॉफी जोड़ी। चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने हमवतन क्रेजिकोवा के साथ मिलकर सात ग्रैंडस्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता था। टाउनसेंड के साथ यह उनका पहला खिताब है। टाउनसेंड का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।

## कार्लोस अल्काराज ने चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब कब्जाया

- जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराया
- 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विम्बलडन जीता



भाषा ▶▶| लंदन

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था। सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन भी मौजूद थीं। अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाये। पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया। वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विम्बलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गये। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाये थे। तीन जून को रोलां गैरों में उनके घुटने में चोट लगी थी और दो दिन बाद ही उनकी सर्जरी हुई थी। करीब छह हफ्ते बाद भी जोकोविच रविवार को फॉर्म में नहीं दिखे। जोकोविच के दोनों बच्चे 'गेस्ट बॉक्स' में थे, उन्होंने कहा, ''पहले दो सेट में मेरे खेल का स्तर अच्छा नहीं था। आज सब कुछ उसके हक में था। मैंने उसे पछाड़ने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तीसरे सेट में अल्काराज 5-4 से आगे थे। वह 40-लव से आगे था पर मौका उनके हाथ से निकल गया। वह डबल फॉल्ट करके अपना पहला चैम्पियनशिप प्वाइंट गंवा बैठे। इससे उनकी पांच गलतियों का सिलसिला शुरू हुआ जिसके कारण यह गेम जोकोविच ने अपने नाम किया। अल्काराज का एक बैकहैंड, एक फोरहैंड वॉली, एक फोरहैंड, एक और फोरहैंड खराब रहा। जोकोविच ने पूरे मैच में सिर्फ यहीं अल्काराज की सर्विस तोड़ी। फिर स्कोर फाइव-ऑल हो गया जिससे अल्काराज परेशान दिखे और जोकोविच की वापसी की उम्मीद जगी। लेकिन टाईब्रेकर में अल्काराज ने अपना चौथा मैच प्वाइंट हासिल किया और जितना हो सके उतना 'कूल' रहे। और जल्द ही वह अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो और अन्य लोगों को गले लगाने के लिए स्टैंड पर चढ़ते दिखे। मुकाबला ढाई घंटे के अंदर खत्म हुआ। शुरुआती गेम से उतार चढ़ाव भरे लंबे मुकाबले की उम्मीद थी। लेकिन पहले दो सेट अल्काराज ने 6-2 से जीत लिये जिससे तीसरा सेट मैच का सबसे प्रतिस्पर्धी रहा।

### विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

## भारत बना डब्लूसीएल चैंपियन पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया। ग्रुप स्टेज में भारत को दो मैचों में जीत और तीन में हार मिली थी। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट की वजह से युवराज सिंह की टीम ने फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज पर चार मैचों में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था। बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान ने शोएब मलिक की 41 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए और पांच विकेट व पांच गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।



## चिंतन

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में जल्द शांति बहाली हो

मणिपुर में स्थाई शांति जरूरी है। पूर्वोत्तर का यह राज्य करीब 15 से अधिक महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई, जब इस राज्य के दो प्रमुख समुदाय मैतई (घाटी बहुल) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हाईकोर्ट की एक सिफारिश के बाद आमने-सामने आ गए। मैतई समुदाय को कुकी की तरह अनुसूचित जनताति का दर्जा दिए जाने की राज्य सरकार से हाईकोर्ट की सिफारिश किए जाने से कुकी समुदाय नाराज हो गए और सड़क पर उतर आए। तबसे मणिपुर में जारी हिंसा में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं, ग्यारह सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं और करीब 65 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। यह पहली बार नहीं है जब कुकी उग्रवादी सुरक्षा बलों पर उग्र हुए हैं। इस साल ही पांच बड़ी घटनाए हो चुकी हैं। 10 जून को मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। 8 जून को कुकी उग्रवादियों ने 2 पुलिस चौकियां व मैतई गांव में 70 घर जलाए। 26 अप्रैल को कुकी उग्रवादियों ने सीआरपीएफ चौकी पर बम फेंका था, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। 15 फरवरी को भीड़ ने एसपी ऑफिस पर हमला किया, दो नागरिकों की मौत हो गई। 17 जनवरी को सुरक्षाबलों की गाड़ी पर उग्रवादियों ने हमला किया, 2 जवान सहित 3 की मौत हो गई। वर्ष 2023 की मई से दिसंबर तक अनेक बार हिंसा हुई। दरअसल, 38 लाख जनसंख्या वाले छोटे से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं व अनुसूचित जनजाति वर्ग में आते हैं। मैतेई समुदाय की भी मांग है कि उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। नगा-कुकी जनजाति इसके विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद से वहां हिंसक संघर्ष जा रही है। पिछले साल गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए तीन दिवसीय यात्रा की थी, इस दौरान लगा कि शांति बहाल करने में सरकार सफल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान भी विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा को मुद्दा बनाया था। पिछले महीने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मणिपुर में हिंसा का समाधान न होने पर चिंता जाहिर की थी। चूंकि पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों को अशांत रखने में चीनी भूमिका रहती है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द समाधान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में कहा है कि जंग व हिंसा से समस्या हल नहीं होगी, तो देश के अंदर केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द हिंसक संघर्ष खत्म करने के लिए वार्ता का मंच बनाए और शांति बहाल करे। हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर को उसकी नियति पर नहीं छोड़ा जा सकता।

## मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर



# बाढ़-प्रलय से हुई जनहानि का जिम्मेदार कौन?

आपदाएं अपने पीछे ऐसा दर्दनाक मंजर छोड़ जाती हैं जिसे इंसान वर्षों सहता है। मौजूदा बाढ़-बारिश से जनजीवन भयभीत हुआ है। हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में प्रलयकारी बाढ़ से अब तक अनुमानित 600 करोड़ रुपये के नुकसान का हुआ है। आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभिषिका से निपटने के लिए समाज आगे आया हुआ है, लेकिन बाढ़ से मचे हाहाकार को देखकर भारतीय आपदा प्रबंधन ने पूरी तरह से पत्ते डाले हुए हैं। उनकी कोशिशें और राहत-बचाव के प्रयास घटना स्थलों पर हांफ रहे हैं। भयंकर बाढ़ की भयाभता ने चारों ओर कहर बरपाया हुआ है। आपदा प्रबंधन से तो कहीं अच्छा कार्य इस वक्त स्थानीय प्रशासन जैसे एसडीएम, तहसीलदार, जिला कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान और राजनीतिक कार्यकर्ता करते दिख रहे हैं। आपदा प्रबंधन की हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने पोल खोली है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं? उसकी तस्वीर बाढ़ आने पर दिखती हैं। भारतीय आपदा प्रबंधन को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन बार-बार होने वाली घटनाएं स्वाभाविक होती हैं। लगभग 60 फीसदी भ-भाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिए है, 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ के लिए है, 8 फीसदी चक्रवातों के लिए और 68 प्रतिशत क्षेत्र सूखे के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पूर्व में की जाने वाले तैयारियां विकट समस्याओं में विफल क्यों होती हैं? इसका जवाब आपदा प्रबंधन को ऐसे वक्त देना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं, कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का पर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। चाहे केंद्र सरकार हो, या राज्यों की हुकूमतें, प्रबंधन विभाग को धन से लेकर जरूरत की तमाम वस्तुएं मुहैया करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती, ताकि बाढ़ आपदा से उनका आपदा प्रबंधन विंग अच्छे से निपट सके। पर, अफसोस विभाग उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाता। आपदा प्रबंधन को सरकारें मुंह मांगा बजट आवंटित करती हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफए की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं। सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को मोर्चा संभावना पड़ता है। आपदा प्रबधंन को रिफार्म करने की दरकार है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। करीब 33 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार एवं 140 से ज्यादा आबादी वाले भारत में शायद ही इस वक्त कोई ऐसा भाग बचा हो जहां बाढ़ या बारिश आपदा की स्थिति न उत्पन्न हुई हो। नेपाल ने बारिश का अपना सारा पानी भारत की ओर मोड़ दिया है, जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे पानी से लबालब भरे हैं। उनसे निपटना जल आपदा प्रबंधन के बस का नहीं? पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जनभर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। तराई क्षेत्र के जिले पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराईच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। पीलीभीत में अभी हाल में बिछाया गया नया रेल ट्रैक भी पानी से बह गया। इस बार मानसून अच्छा है। बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों निश्चित रूप से सोचने पर मजबूर करती हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमालच, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे 9 राज्य ऐसे हैं जो ज्यादा प्रभावित हैं। इन समस्याओं से निपटने की पहली जिम्मेदारी आपदा प्रबंधन पर होती है, लेकिन ऐसे में वहां सिर्फ कमियां ही दिख रही हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी, अपर्याप्त फंडिंग का रोना, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दुहाई दे रहे हैं। आपदा एक अचानक, विपत्ति पूर्ण घटना है, जो जीवन और संपत्ति को भारी क्षति, हानि, विनाश और तबाही में बदलती है। आपदाओं से होने वाला नुकसान सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। अफसोस इस बात का है कि बाढ़ जैसी समस्यायों से निपटने में हम अभी भी अक्षम हैं। केंद्रीय हुकूमत को गंभीरता इस मसले पर मंथन करना होगा। ताकि, भविष्य में ऐसे समस्याओं से सफल मुकाबला किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

डॉ. एल. एस. यादव

# प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध

भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था। भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। इसके बाद वे जुलाई महीने चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना यह दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनोमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देषों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की मैत्री भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश हमारे लिए एक बड़ा विकास साझीदार है और हम उसके साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक प्राथमिकता देते है। उन्होंने दोहराया कि मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिषील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इनमें दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में एक सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवा समझौता मेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओंकी शुरूआत किए जाने का है। इसके अलावा



अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरूआत की जाएगी। इससे बांग्लादेश को फायदा होगा। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण एक समिति बनाई जाएगी। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा।

रक्षा संबंधों को मजबूत बनानें उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और षेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लम्बी अवधि के हितों को ध्यान में रखकर एक रक्षा सहयोग की नीति बनाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच सैनिक व रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नए समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी अत्याधुनिक बनेगी। इसके अलावा बांग्लादेश की रक्षा आवश्यकताओं के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा व यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर षांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृश्टिकोण अपनाये जाने की बात निश्चित हुई। दोनों देशों ने अन्य क्षेत्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय मंचों पर अपना-अपना सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए खासतौर पर निर्मित उपग्रहों को को स्थापित करने की सहमति कायम हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान व नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता करने वाले हैं। अब दोनों देशों का यह प्रयास है कि भूटान, नेपाल व बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा, इसीलिए दोनों दो रेल, सड़क, हवाई मार्ग व समुद्री मार्ग के जरिये आवागमन व माल ढुलाई के लिए कनेक्टविटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। यह टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। दरअसल चीन ने यह संकेत दिए थे कि वह तीस्ता नदी की सफाई के लिए भारी भरकम धनराशि की मदद देने को तैयार है। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यन्त संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा, इसलिए भारत का यही प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आश्वासन के बाद अपने देश पहुंचकर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अधिक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना?



संकलित

## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर ले जाएगा। थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*- राजेश गुप्ता, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट : राजा कृष्णमूर्ति



अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती आई है और बीजिंग के सामने दो रास्ते हैं-या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर आक्रामकता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार लाए। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'वास्तव में चीन अपनी अर्थव्यवस्था में इस कदर सुस्ती का सामना कर रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य के स्तर में गिरावट) की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपभोक्ता विश्वास खत्म हो गया है। आप दशकों तक एक-संतान नीति पर अमल करने वाले देश में 25 प्रतिशत से अधिक युवा बेरोजगारी देख रहे हैं। यह बहुत ही खराब आंकड़ा है।' कृष्णमूर्ति ने कहा, 'इससे खास तौर पर प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर कर्ज बढ़ गया है? साथ ही लोगों की कुल संपत्ति में काफी गिरावट आई है। ऐसे में शी चिनफिंग देश को गंभीर आर्थिक संकट में घिरा पा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि चिनफिंग के पास दो विकल्प हैं, 'या तो वह वर्तमान रुख पर कायम रहें जो आर्थिक आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है, पड़ोसियों के प्रति तकनीकी और सैन्य आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है।

## ऑफ बीट

# जैल मैनीक्योर व ऐक्रेलिक नाखून लगते हैं सुंदर



काइली जेनर और रिहाना से लेकर एरियाना ग्रांडे और कार्डी बी तक, मशहूर हस्तियां अपनी शैली की अभिव्यक्ति के रूप में लंबे, एक्रेलिक – अक्सर नेल आर्ट से अत्यधिक अलंकृत – नाखून रखती हैं। नेल फैशन अब एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमें जैल मैनीक्योर और ऐक्रेलिक नाखून सबसे लोकप्रिय वर्तमान रुझानों में से एक हैं। जबकि मैनीक्योर खुद की देखभाल की तरह लग सकता है, वे स्वस्थ प्राकृतिक नाखूनों को बर्बाद कर सकते हैं – और इन्हें करवाने वाले लोगों के नाखूनो में अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐक्रेलिक को प्राकृतिक नाखून से जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नेल गोंद आमतौर पर अल्कोहल, साइनोएक्रिलेट और फोटो-बॉन्ड मेथैक्रिलेट का मिश्रण होता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड सहित अन्य तत्व होते हैं, जो एक ज्ञात कैंसर कारक है। नाखून चिपकने वाले पदार्थों में मौजूद रसायन त्वचा में जलन और सूजन का कारण बन सकते हैं। नेल ग्लू के जलने की भी व्यापक रूप से सूचना मिलती है। कुछ मामलों में, कपड़ों पर गिरा हुआ नेल गोंद जलने से त्वचा को भी जला देता है, जिसमें बाद में संक्रमण हो सकता है।

## ट्रेंड

### ट्रंप पर हमले से चिंतित हूं



मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हिंसा के लिए जगह नहीं



हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, यह राहत की बात है कि ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई। हमें खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए करना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### झूठ का मायाजाल



कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था। एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं



यदि आप प्रत्येक नागरिक के लिए 'सम्मान जनक जीवन के अधिकार' में विश्वास करते हैं, तो आप मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



**मिर्जापुर।** विंध्याचल मंदिर में रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचे।

### विजय संकल्प सभा में शामिल होंगे शिवराज

**रांची (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री और झारखंड के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान विजय संकल्प सभा में शामिल होने के लिए रविवार को यहां पहुंचे। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में मिली जीत का जश्न मनाने के लिए भाजपा की प्रदेश ईकाई छह जुलाई से विधानसभावार कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा का आयोजित कर रही है। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा। झारखंड में लोस की 14 सीट में से आठ पर भाजपा को, जबकि उसकी सहयोगी 'ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन' (आजसू) पार्टी को एक सीट पर जीत मिली थी।

### भाजपा करेगी बिजली दर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा बिजली खरीद समझौता शुल्क (पीपीएसी) और अन्य अधिभार लगाने के विरोध में सोमवार को सभी 14 जिलों में प्रदर्शन करेगी। पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को यह जानकारी दी। पीपीएसी और अन्य अधिभार लगने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की दर महंगी हो गई है। सचदेवा ने एक प्रेसवार्ता के दौरान दिल्ली सरकार और बिजली वितरण कंपनियों पर आरोप लगाया कि वे गर्मियों और सर्दियों की चरम मांग के लिए बिजली की पूर्व खरीद करने में विफल रहीं।

### भाजपा के झूठ के शासन का लोगों को अहसास

**इटावा (भाषा)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि लोगों को भाजपा के झूठ के शासन का एहसास हो गया है। सपा के प्रमुख महासचिव प्रोफेसर यादव ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोग भाजपा के झूठ के शासन को समझ रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा उन 13 सीट में से केवल दो पर ही जीत हासिल कर सकी, जहां हाल ही में उपचुनाव हुए थे।

### 'जलवायु बजट' और वन संरक्षण योजना पर ध्यान

**नई दिल्ली (भाषा)।** मेघालय के प्रचूर हरित क्षेत्र के समक्ष जलवायु परिवर्तन से पैदा हुये खतरे के अलोक में प्रदेश के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा है कि उनका राज्य वैश्विक तापमान वृद्धि से निपटने के लिए संबंधित कार्य योजना में संशोधन करते हुये समर्पित जलवायु बजट एवं महत्वाकांक्षी वन संरक्षण योजना पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मेघालय देश के उन कुछ राज्यों में शामिल है, जिसने 2024-25 में स्थिरता और संरक्षण पहलों के लिए कुल राज्य बजट का 16 प्रतिशत - 4,501 करोड़ निर्धारित किया है।

### मोदी के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देते हैं राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने रविवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या के प्रयास के बाद राहुल गांधी को निशाना बनाया और विपक्ष के नेता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ हिंसा को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया। भाजपा के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्रम्प पर हमले की गांधी द्वारा निंदा किए जाने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनके शब्दों में गंभीरता का अभाव है।

---

### भाजपा की उत्तर प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक का समापन सत्र

# आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण भी लगातार बने रहना चाहिए: नड्डा

भाषा ▶▶| लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें हमेशा आत्मविश्वास रखना चाहिए और उस आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण भी लगातार बने रहना चाहिए।

रविवार को यहां डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के आंबेडकर सभागार में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में नड्डा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोई बाहर वाला हमें नहीं बताता, हमें खुद मालूम है कि हमें क्या करना है, इसलिए हमारा विश्वास भी न डगमगाए और हमारी चिंतन की प्रक्रिया लगातार चलती रहे, इसका हमें ध्यान रखना है।" नड्डा ने दावा किया, "जनता भाजपा के साथ है। 17 राज्यों में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं और आपको जानकर खुशी होगी कि 58 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा का कमल खिल रहा है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम किस पार्टी के सदस्य हैं।




**कार्यकर्ताओं को 'बैकफुट' पर आने की आवश्यकता नहीं: योगी**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में 'बैकफुट' पर आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपने अपना काम बखूबी किया है। रविवार को यहां डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के आंबेडकर सभागार में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

---

# युवा हमारी विचारधारा की ओर आकर्षित हुए हर साल बड़ी संख्या में हमसे जुड़ रहे: संघ

भाषा ▶▶| रांची




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक पदाधिकारी ने रविवार को कहा कि बड़ी संख्या में युवा 'आरएसएस की विचारधारा की ओर आकर्षित हो रहे हैं'और हर साल इसका हिस्सा बन रहे हैं। संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि 'ज्वाइन आरएसएस' मंच के माध्यम से हर साल एक लाख से अधिक युवा संघ से जुड़ रहे हैं। आंबेकर रांची में प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक के समापन अवसर पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जून तक कुल 66,529 लोग आरएसएस में शामिल हुए हैं। संघ पदाधिकारी ने कहा कि बैठक के दौरान संगठन के विस्तार और आगामी 'शताब्दी वर्ष समारोह' पर चर्चा की गई। झारखंड में कथित धर्मांतरण के बारे में पूछे गए सवाल पर आंबेकर ने कहा कि कुछ लोग इसके लिए अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जो सही नहीं है। उन्होंने कहा, ''इसे रोकने के लिए कानून है और सभी को इसका पालन करना चाहिए। आरएसएस इस प्रथा के खिलाफ रहा है। बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और सभी प्रांत प्रचारकों सहित शीर्ष आरएसएस नेताओं ने भाग लिया।

---

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीएसएफ की रेवती रेंज में किया पौधरोपण

# इंदौर में एक दिन में 11 लाख पौधे लगाकर बनाया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज/भाषा ▶▶| इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर सफाई के मामले में लगातार सात बार अव्वल रहने के बाद रविवार को एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इंदौर के लोगों ने एक दिन में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी बीएसएफ की रेवती रेंज पर आयोजित एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम में पौध रोपण किया। गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का उपयुक्त जवाब है। विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत देशभर में लगभग 140 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें मप्र में 5.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। शाह ने कहाकि विकास हो रहा है और हम सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। मोदी जी ने हमें पीछे देखने और आने वाली पीढ़ी के लिए भी काम करने को कहा है।




### शाह ने मध्य प्रदेश के 55 जिलों में 'पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' का उद्घाटन किया

**इंदौर (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के लिए ''पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस'' का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के बीच नई शिक्षा नीति लाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता की सराहना की। मुख्य कार्यक्रम इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हुआ, जिसे 'पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया गया है। शाह ने अन्य राज्यों से पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने के लिए मध्य प्रदेश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, जब देश स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसमें एनईपी की अहम भूमिका होगी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए शिक्षा की नींव मजबूत करनी होगी और मोदी ने 25 वर्षों की जरूरतों को पूरा करने वाली एनईपी लाकर दूरदर्शिता का परिचय दिया है। एनईपी न केवल हमारे छात्रों को दुनिया के लोगों के बराबर खड़ा करेगा, बल्कि देश की संस्कृति को भी एकजुट करेगा। यह मात्रा पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता पर केंद्रित है और छात्रों को अलग तरीके से सोचने का अवसर प्रदान करता है।" उन्होंने हिंदी में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए भी मध्य प्रदेश की प्रशंसा की।

---

## कश्मीर का मानव निर्मित झरना...



गंदेरब। गंदेरबल जिले के कंगन इलाके में गर्म और उमस भरे दिन में बरवाला झरने पर सेल्फी लेते पर्यटक। यह कश्मीर के सबसे बड़े मानव निर्मित झरनों में से एक है। रोज ऐसी जगहों पर हादसों से सजग रहना चाहिए।

### बसपा नेता हत्याकांड के आरोपी को चेन्नई में पुलिस ने मार गिराया

**चेन्नई (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक प्रमुख आरोपी ने रविवार को यहां पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया और हिरासत से भागने की कोशिश की, जिस दौरान उसे मार गिराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब आरोपी के. थिरुवेंगदम को जांच के तहत उत्तरी चेन्नई के एक स्थान पर ले जाया गया, तो उसने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसपर गोली चलाई। थिरूवेंगदम को बसपा नेता की हत्या में इस्तेमाल किए जाने के बाद छिपाकर रखे गए हथियारों की तलाश करने के लिए वहां ले जाया गया था।

- पुलिसकर्मियों पर हमला कर हिरासत से भागने की कोशिश में किया ढेर

### विधि एवं न्याय मंत्रालय प्रयागराज में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** विधि एवं न्याय मंत्रालय मंगलवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संविधान जागरूकता पर दूसरा क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। मंत्रालय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान के तहत पूरे साल होने वाले समारोहों के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करता है। इस कार्यक्रम में 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। यह पोर्टल एक तरह से 'ज्ञान के भंडार' के तौर पर काम करेगा, जिससे नागरिकों को संविधान और कानूनी अधिकारों के बारे में आसानी से सूचनाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में कानून मंत्री मेघवाल और इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली शामिल होंगे।

- इस कार्यक्रम में 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' पोर्टल शुरू किया जाएगा

---

### लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता होंगे गोगोई, सुरेश होंगे मुख्य सचेतक

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे और इस निर्णय के बारे में एक पत्र अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर उन्हें संसद के निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सचेतक नियुक्त किए जाने के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया गोगोई लोस में पार्टी के उप नेता होंगे, जबकि केरल से आठ बार के सांसद के. सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। विरुधुनगर के सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। इससे पहले, पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के दल लोस में जनता के मुद्दों को ढंग से उठाएंगे।



### पटोले ने 'क्रॉस वोटिंग' पर कहा

## 'गद्दारों' की पहचान कर ली गई है, उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी

भाषा ▶▶| मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हाल में विधानपरिषद की 11 सीटों पर हुए चुनाव में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले पार्टी के 'गद्दारों' की पहचान कर ली गयी है और उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पटोले ने शनिवार को दावा किया कि इन्हीं ''गद्दारों'' ने दो साल पहले विधानपरिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की हार सुनिश्चित की थी। टोले ने किसी का नाम लिए बिना यहां पत्रकारों से कहा, ''इस बार एक जाल बिछाया गया और उनकी पहचान कर ली गयी है। उन्हें सजा दी जाएगी ताकि कोई भी फिर से पार्टी के साथ विश्वासघात करने की हिमाकत न करे।''

**अब कार्रवाई करेंगे**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया है कि 'क्रॉस-वोटिंग' हुई है और वे अब कार्रवाई करेंगे। राउत ने आरोप लगाया, 'केंद्र आपातकाल लगाने को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने जा रही है। क्या अयोग्य घोषित किये जाने का सामना कर रहे विधायकों द्वारा विधानपरिषद सदस्य चुना जाना असंवैधानिक नहीं है? विधायकों को घूस देकर उन्हें खरीदना असंवैधानिक नहीं है? वास्तव में भाजपा ने संविधान की हत्या की है।



### 'प्रेस एसो' के पुनः अध्यक्ष बने वरिष्ठ पत्रकार सीके नायक

**नई दिल्ली (भाषा)।** वरिष्ठ पत्रकार सी. के. नायक 'प्रेस एसोसिएशन' के अध्यक्ष के तौर पर निर्विरोध पुनः चुन गए हैं। 'प्रेस एसोसिएशन' देश के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की एक प्रतिनिधि संस्था है। 'प्रेस एसोसिएशन' में शनिवार को हुए चुनाव में 'प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया' (पीटीआई) के दो पत्रकार सागर कुलकर्णी और लक्ष्मी देवी को क्रमशः उपाध्यक्ष और महासचिव चुना गया है। वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेश्वर दयाल और जे सी वर्मा को क्रमशः संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष बनाया गया है। एसोसिएशन की पांच सदस्यीय प्रबंध समिति में अरविंद सिंह, जोगिंदर सोलंकी, शाहिद अब्बास, चमन लाल गौतम और के पी मलिक शामिल हैं।

# एनआरए ने चार वर्षों में एक भी परीक्षा का आयोजन क्यों नहीं किया : कांग्रेस

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने 'शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने' का बीड़ा उठाया है। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) ने पिछले चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की है। खरगे की प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को मुंबई में की गई उस टिप्पणी पर आई है, जिसमें उन्होंने जोर दिया था कि पिछले तीन से चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को 'चुप' कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर कहा कि मोदी जी, कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था।' उन्होंने कहा कि अगस्त 2020 में आपने कहा था कि एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारे 3 सवाल हैं - एनआरए ने पिछले चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई? क्यों एनआरए को 1,517.57 करोड़ का फंड के बावजूद, 4 वर्षों में अब तक केवल 58 करोड़ खर्चा किया गया है? एनआरए सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए बनी संस्था थी। क्या जानबूझकर एनआरए को निष्क्रिय रखा गया, ताकि एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के युवाओं से उनके आरक्षण का हक छीना जा सके?' एनटीए के जरिये धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया और एनआरए से परीक्षा ही नहीं करवाई गई।

- एनआरए को 1,517 .57 करोड़ का फंड मुहैया कराने के बावजूद, 4 वर्षों में अब तक केवल 58 करोड़ खर्चा किया गया है?



---

### यूनेस्को की रिपोर्ट में दावा,पढ़ाई का नुकसान बढ़ रहा

# जलवायु परिवर्तन शैक्षिक परिणाम बाधित कर रहा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

जलवायु संबंधी तनाव जैसे कि गर्मी, जंगल की आग, बाढ़, सूखा, बीमारियां और बढ़ते समुद्री जलस्तर ने शैक्षिक परिणामों पर विपरीत प्रभाव डाला है जिससे हाल के दशक में अर्जित शैक्षिक बढ़त पर पानी फिर जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट (जीईएम) में यह दावा किया गया है। वैश्विक रिपोर्ट को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), 'मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएटिंग क्लाइमेट कम्युनिकेशन एंड एजुकेशन' (एमईसीई) परियोजना और कनाडा के सस्केचेवान विश्वविद्यालय द्वारा संकलित किया गया है। रिपोर्ट में इंगित किया गया है कि अधिकांश निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हर साल जलवायु से संबंधित घटनाओं के कारण स्कूल बंद हो रहे हैं, जिससे पढ़ाई के नुकसान और विद्यार्थियों के स्कूल छोड़ने की आशंका बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रभाव पहले से ही शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बाधित कर रहे हैं। प्रत्यक्ष प्रभावों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे के विनाश के साथ-साथ छात्रों, अभिभावकों और स्कूल कर्मचारियों का मौत और चोट की चपेट में आना शामिल है। विस्थापन और लोगों की आजीविका और स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव के रूप में जलवायु परिवर्तन का अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पिछले 20 वर्षों में चरम मौसम की कम से कम 75 प्रतिशत घटनाओं में स्कूल बंद कर दिए गए, जिससे 50 लाख या उससे अधिक लोग प्रभावित हुए। बाढ़ और चक्रवात सहित लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण छात्रों और शिक्षकों की मृत्यु हुई है। गर्मी से पीड़ित बच्चों के शैक्षिक परिणामों पर महत्वपूर्ण हानिकारक प्रभाव पड़ता है। 1969 और 2012 के बीच 29 देशों में जनगणना और जलवायु डेटा को जोड़ने वाले विश्लेषण से पता चला है कि प्रारंभिक जीवन काल के दौरान औसत से अधिक तापमान के संपर्क में आने का संबंध स्कूली शिक्षा के कम वर्षों से है खासकर दक्षिण पूर्व एशिया में। उच्च तापमान ने चीन में उच्च-स्तरीय परीक्षा में प्रदर्शन कम किया और हाई स्कूल व कॉलेज में प्रवेश दरों में कमी आई।



**15 साल की उम्र में गणित और गैर-संज्ञानात्मक कौशल नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ**

भारत में शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवन के पहले 15 वर्षों पर वर्षा संबंधी झटकों के अध्ययन से पता चला है कि इनसे पांच साल की उम्र में शब्दावली और 15 साल की उम्र में गणित और गैर-संज्ञानात्मक कौशल नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। ये प्रभाव लड़कों और कम शैक्षिक योग्यता वाले माता-पिता के बच्चों के लिए अधिक गंभीर थे।

**2022 में 3.26 करोड़ विस्थापित**

वर्ष 2022 के दौरान आपदाओं के कारण 3.26 करोड़ लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए। पांच देशों बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, तुवालु और वियतनाम के विश्लेषण से पांच विस्थापन पैटर्न मिलते हैं: अस्थायी विस्थापन, शहरी बस्तियों में स्थायी प्रवास, सरकार द्वारा नियोजित स्थानांतरण, सीमा पार प्रवास और फंसी हुई आबादी। ये विस्थापन परिदृश्य शिक्षा में वित्तीय संसाधनों के अभाव, दस्तावेजीकरण या निवास की जरूरतों से संबंधित विभिन्न बाधाओं को जन्म देते हैं। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न व्यवधानों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों से निपटने के लिए बहु-क्षेत्रीय योजना, पाठ्यक्रम सुधार, शिक्षक प्रशिक्षण और सामुदायिक जागरूकता सहित जलवायु अनुकूलन पर व्यापक ध्यान देने की आवश्यकता है।

# चंद्रबाबू नायडू महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से मिले

भाषा ▶▶| मुंबई

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके आवास पर मुलाकात की और मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य तथा बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शिंदे और नायडू ने प्रगति के लिए अपने राज्यों के बीच सहयोग पर चर्चा की। बैठक में नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री दादा भुसे, मुख्यमंत्री शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिंदे के करीबी सूत्रों के अनुसार, शिंदे के आधिकारिक आवास वर्षा में दोनों मुख्यमंत्रियों ने करीब आधे घंटे तक बातचीत की।

उन्होंने बताया कि मौजूदा राजनीतिक स्थिति समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया, ''शिंदे और नायडू ने दोनों राज्यों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग पर भी चर्चा की। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और डिजिटल क्षेत्र में अवसरों के विस्तार से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की।

- विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की






# सरसावा: कारगिल रजत जयंती उत्सव में वायु योद्धाओं ने दिखाया पराक्रम

## देश के लिए बलिदान देने वाले वायु योद्धाओं को नमन किया

वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है। जिन वीर वायु योद्धाओं ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी, जो वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध (ऑपरेशन सफेद सागर) में भारतीय वायुसेना के ऑपरेशन, 16000 फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने की भारतीय वायुसेना की सैन्य क्षमता का प्रमाण हैं। कुल मिलाकर, भारतीय वायुसेना ने कारगिल युद्ध में लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही/ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायुसेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं।

### कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजन

रक्षा मंत्रालय के अनुसार कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, भारतीय वायुसेना 12 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक वायुसेना स्टेशन सरसावा में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' का आयोजन कर रही है, जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाएगा। 13 जुलाई 24 को, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायुसेना अधिकारियों के साथ स्टेशन युद्ध स्मारक पर राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की।


लड़ाकू विमानों ने हवाई प्रदर्शन किया

इस दौरान एक शानदार एयर शो का आयोजन किया गया जिसमें आकाश गंगा टीम द्वारा प्रदर्शन और जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और राफेल लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई प्रदर्शन शामिल थे। शहीद नायकों की पुण्य स्मृति में एमआई-17 वी5 द्वारा "मिसिंग मैन फॉर्मेशन" ने उड़ान भरी। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों जैसे एमआई-17 वी5, चीता, चिनूक का स्थिर प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर एयर वॉरियर ड्रिल टीम और वायुसेना बैंड ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### कार्यक्रम को 5 हजार से अधिक दर्शकों ने देखा

इस कार्यक्रम को 5000 से अधिक दर्शकों ने देखा, जिनमें स्कूली बच्चे, सहारनपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी, भूतपूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक और रुड़की, देहरादून और अंबाला के रक्षा बलों के कार्मिक गण शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कारगिल युद्ध में वायुसेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, 'द माइटी आर्मर' ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 28 मई 1999 को, 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'नुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## बाइडेन, ओबामा, कमला हैरिस ने की हमले की निंदा

# अमेरिका में अब तक हुए 45 हमलों में चार राष्ट्रपति गंवा चुके हैं अपनी जान

अमेरिका के इतिहास में अमेरिकी राष्ट्रपतियों और उम्मीदवारों के खिलाफ अलग-अलग मौकों पर 15 हमले हुए हैं। जिनमें से पूर्व में 4 की मौत भी हुई है। राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत 45 नेताओं में से 13 की हत्या का प्रयास किया गया।



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ है। जिसमें उन्हें निशाना बनाकर गोलियां चलाई गई। हालांकि ट्रम्प पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रम्प पर गोली चलाने वाले हमलावर को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने मार गिराया। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे हुई। तब अमेरिका में शनिवार शाम 6:30 बजे का समय था। पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान मंच से बोलते समय ट्रम्प पर निशाना साधकर कई गोलियां चलाई गई। इस दौरान ट्रम्प ने अपने दाहिने कान पर हाथ रखा और नीचे झुक गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ट्रम्प को संभाला। ट्रम्प के चेहरे और कान पर खून नजर आया। हमले में ट्रम्प ने अपने दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। शूटर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया। सुरक्षाकर्मी ट्रम्प को मंच से उतार कर वहां से ले गए। घटना के बाद अफरातफरी के बीच ट्रम्प को कड़े सुरक्षा घेरे में ले जाया गया। इस घटना की चौतरफा निंदा की जा रही है। बाइडेन, कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने घटना की निंदा करते हुए साफ कहा कि अमेरिकी समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है। उल्लेखनीय है कि पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान मंच से बोलते समय ट्रम्प पर निशाना साधकर कई गोलियां चलाई गई।

### ट्रंप पर हुए हमले की बाइडेन-ओबामा ने निंदा की

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रंप की रैली में हुई गोलीबारी की घटना की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हमें इसकी निंदा करने के लिए एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होना चाहिए। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी इस घटना की निंदा की है।




### अमेरिका के बर्मिंघम में नाइट क्लब में फायरिंग, 7 की मौत



न्यूयॉर्क। अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम में एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। बर्मिंघम पुलिस के अनुसार, इस घटना में 9 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है, जिसमें से कई की हालत गंभीर है। बर्मिंघम पुलिस डिपार्टमेंट के अनुसार, पुलिस अधिकारी लोगों को गोली लगने की सूचना पर रात 11:08 बजे 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ के 3400 ब्लॉक में एक नाइट क्लब में पहुंचे। पहुंचने पर, अधिकारियों ने कई लोगों को गोली लगने से घायल हुए देखा। इस घटना के थोड़ी देर बाद बर्मिंघम फायर एंड रेस्क्यू घटनास्थल पर पहुंचा और एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया, जो नाइट क्लब के पास एक फुटपाथ पर पड़ा था। बीएफआरएस ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया, जिन्हें उन्होंने अंदर पाया। कई घायलों को बीएफआरएस के कर्मियों या निजी वाहन से यूएबी अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान यूएबी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। यूएबी में कम से कम नौ अतिरिक्त गोली लगने वाले पीड़ित उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

### वे अमेरिकी राष्ट्रपति जो हमलों में मारे गए

अमेरिका के इतिहास में चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों अब्राहम लिंकन, जेम्स ए. गारफील्ड, विलियम मैककिनले और जॉन एफ. कैनेडी की हत्या हो चुकी है।

- **जॉन एफ कैनेडी:** अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की नवंबर 1963 में गोली मारकर हत्या की गई थी। हार्वे ओसवाल्ड नाम का शूटर हमला किया जिसे वहीं गोलीबारी में मार गिराया गया था।
- **विलियम मैककिनले:** विलियम मैककिनले जो कि अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति थे। 6 सितंबर 1901 में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। लियोन एफ. कोल्गोज नाम के एक शख्स ने राष्ट्रपति की हत्या की थी। हमलावर को हमले एक महीने 26 दिन बाद यानी 29 अक्टूबर 1901 को बिजली की कुर्सी पर मौत की सजा दी गई।
- **जेम्स गारफील्ड:** जेम्स गारफील्ड के 20वें राष्ट्रपति थे। 2 जुलाई 1881 में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। चार्ल्स गुइटो नाम के एक शख्स ने उन्हें गोली मारी थी। गारफील्ड की मौत के लगभग 11 महीन बाद हमालवर गुइटो को जून 1882 में फांसी दी गई थी।
- **अब्राहम लिंकन:** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की 14 अप्रैल 1865 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।
- जॉन विल्क्स बूथ का एक शख्स ने उन्हें गोली मारी थी। हमलावर बूथ को राष्ट्रपति के हत्या के 12 दिन बाद 26 अप्रैल 1865 को मार गिराया गया था।

## अनंत-राधिका की शादी में 'स्पेशल-25' को 50 करोड़ के गिफ्ट!

**मुंबई(एजेंसी)।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की सुर्खियां देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही हैं। शादी के हर फंक्शन को भव्य और शानदार बनाने में रिलायंस इंडस्ट्री के चीफ मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। इतना ही नहीं, अंबानी परिवार ने शादी में पहुंचे सभी मेहमानों को शानदार और महंगे रिटर्न गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। अनंत अंबानी ने 25 खास लोगों के लिए 25 घड़ियां दीं। इन लिमिटेड एडिशन घड़ियों की कीमत करीब 2-2 करोड़ है। शाहरुख से रणवीर सिंह तक ने गिफ्ट में मिली घड़ियों को फ्लॉन्ट किया। इन लोगों के फोटोज और वीडियोज वायरल हो रहे हैं। जो घड़ियां गिफ्ट की हैं वो फेमस लग्जरी ब्रैंड की हैं।

## गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए इटली की दो दिवसीय यात्रा पर कल जाएंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 से 17 जुलाई, 2024 को जी7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने के लिए इटली के रेजियो कैलाब्रिया की यात्रा करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान, पीयूष गोयल आउटरीच सत्र में जी-7 देशों और अन्य हिस्सा लेने वाले देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे, जो वैश्विक व्यापार और निवेश साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत द्वारा पेश किए जाने वाले अपार व्यापार और निवेश अवसरों को प्रदर्शित करने के रणनीतिक प्रयासों को रेखांकित करती है, जो एक मजबूत कानून के शासन वाले लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में इसकी स्थिति पर जोर देती है।







## रॉकेट के गलत कक्षा में जाने से बनी स्थिति

# फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं

स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रसार को लेकर निजी कंपनियों में होड़ सी लगी है। इसके चलते अंतरिक्ष में रॉकेट की संख्या में बढोतरी हुई है। इस बीच, निजी कंपनी स्पेसएक्स को करारा झटका लगा है। मस्क की कंपनी ने जानकारी दी है कि गुरुवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया से फाल्कन-9 रॉकेट से लॉन्च किए गए 20 उपग्रह वापस पृथ्वी पर गिरने वाले हैं। कंपनी ने कहा है कि दरअसल, रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आ गई। उस दौरान रॉकेट के दूसरे चरण का इंजन ठीक से काम नहीं कर पाया। उस दौरान इंजन से तरल ऑक्सीजन का रिसाव देखा गया।

*रॉकेट लॉन्चिंग के समय तकनीकी समस्या आई*



### टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया

रॉकेट पृथ्वी की बहुत नीचे कक्षा में स्थापित हो गए। कंपनी ने यह भी बताया कि कक्षा के सबसे निचले बिंदु से रॉकेट को ऊपर उठाने के लिए उनकी टीम द्वारा कोशिशें की गईं, लेकिन वे उस बिंदु पर आ चुके थे जहां से उन्हें ऊपर ले जाना संभव नहीं था। स्पेसएक्स ने कहा कि उसकी टीम ने 10 उपग्रहों से संपर्क किया और उनके आयन थ्रस्टर्स का उपयोग करके कक्षा बढ़ाने की कोशिशें की। लेकिन वे पृथ्वी से केवल 135 किमी ऊपर ही थे। हालांकि स्पेसएक्स ने यह भी आश्वासन दिया है कि उपग्रहों के पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने से कक्षा में मौजूद अन्य उपग्रहों या सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। एलन मस्क ने भी स्पेसएक्स द्वारा किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम आयन थ्रस्टर्स को वार्प 9 के समकक्ष चलाने के लिए सैटेलाइट सॉफ्टवेयर को अपडेट कर रहे हैं। यह शायद काम नहीं करेगा, लेकिन हम कोशिशें कर रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25